वर्ष 24, अंक 132, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 21 नवंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




## बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर सरकार का गठन हो गया है. नीतीश कुमार के साथ 26 अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे



# नीतीश के मंत्रिमंडल का जातिगत गणित

## अगड़ा, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित... किसे मिला कितना प्रतिनिधित्व?

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनावों में एनडीए को भारी जीत दिलाने के कुछ ही दिनों बाद, जेडी(यू) प्रमुख नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 74 वर्षीय समाजवादी नेता, जिनकी प्रासंगिकता पर चुनावों से पहले बार-बार सवाल उठाए गए थे, ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एनडीए के नेतृत्व वाले नए बिहार मंत्रिमंडल में नीतीश कुमार के अलावा कुल 25 नेताओं ने शपथ ली।

मंत्रियों को लेकर जातीय और सामाजिक समिकरणों का ध्यान रखा गया है। फॉमूर्ले के तहत, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 17 मंत्री पद आवंटित किए गए हैं (साथ ही विधानसभा अध्यक्ष का पद जो वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार को मिलने की उम्मीद है), जेडीयू को 15 (मुख्यमंत्री के रूप में कुमार सहित), जबकि एलजेपी




(रामविलास), एचएएम (सेक्युलर), और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को क्रमशः दो, एक और एक मंत्री पद दिया जाएगा। मंत्रिमंडल में बीजेपी ने खुद को बड़े भाई की भूमिका में रखा है।

इनमें सम्राट चौधरी (भाजपा), विजय कुमार सिन्हा (भाजपा), विजय कुमार चौधरी (जद-यू), बिजेंद्र प्रसाद यादव (जद-यू), श्रवण कुमार (जद-यू), मंगल पांडे (भाजपा), दिलीप कुमार जयसवाल (भाजपा) और अशोक चौधरी (जद-यू) शामिल थे। मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले अन्य लोगों में लेसी सिंह (जेडी-यू), मदन सहनी (जेडी-यू), नितिन नबीन (बीजेपी), राम कृपाल यादव (बीजेपी), एचएएम (एस) के संतोष कुमार सुमन, सुनील कुमार (जेडी-यू), मोहम्मद जमा खान (जेडी-यू) और संजय सिंह टाइगर (बीजेपी) शामिल हैं। इस सूची में अरुण शंकर प्रसाद (बीजेपी), सुरेंद्र मेहता (बीजेपी), नारायण प्रसाद (बीजेपी), रमा निषाद (बीजेपी), लखेंद्र कुमार रौशन (बीजेपी) और श्रेयशी सिंह (बीजेपी) भी शामिल हैं। इसके अलावा, प्रमोद कुमार (बीजेपी), एलजेपी (आरवी) के संजय कुमार, एलजेपी (आरवी) के संजय कुमार सिंह और आरएलएम के दीपक प्रकाश ने मंत्री पद की शपथ ली। 26 मंत्रियों में एक मुस्लिम है तो वहीं, 3 महिलाएं और 3 फर्स्ट टाइमर को मौका दिया गया है। मंत्री बनाए गए नेताओं 8 अगड़ी जाति से हैं। इसमें भाजपा के 5 हैं, तो जेडीयू के और एलजेपी-आर के एक हैं।

इसमें दो भूमिहार, चार राजपूत, एक ब्राह्मण और एक कायस्थ समाज से मंत्री हैं। ओबीसी-ईबीसी समुदाय से एनडीए सरकार में कुल 12 मंत्री से बने हैं। इसमें भाजपा कोटे 8, जेडीयू ने 3 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (फ्छट) से एक मंत्री बनाए गए हैं। दलित समुदाय से 5 मंत्रियों में बीजेपी कोटे से दो और जेडीयू से एक हैं, तो एलजेपी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने भी एक-एक मंत्री हैं।

### नीतीश के रिकॉर्ड पर तेजस्वी की बधाई

**नीतीश** कुमार के लगातार पांचवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नई सरकार लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। बिहार के मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद तेजस्वी ने ट्वीट किया कि नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। बिहार सरकार के सभी मंत्रियों को हार्दिक शुभकामनाएँ जिन्होंने मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली है। राजद नेता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि नई सरकार ज़िम्मेदार नागरिकों की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर खरी उतरेगी, अपने वादों और घोषणाओं को पूरा करेगी और बिहार के लोगों के जीवन में सकारात्मक और गुणात्मक बदलाव लाएगी।

# 'बुद्धिजीवी जब आतंकी बनते हैं तो ज्यादा खतरनाक होते हैं'

## सुप्रीम कोर्ट में शरजील-उमर की याचिका के खिलाफ दिल्ली पुलिस की दलील

**नई दिल्ली**

**उमर** खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीना हैदर और दिल्ली दंगे के अन्य आरोपियों की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि जब बुद्धिजीवी आतंकवादी बनते हैं तो वह ज्यादा खतरनाक होते हैं. दिल्ली पुलिस ने यहां लाल किला कार ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का हवाला दिया. सुनवाई के दौरान शरजील इमाम की स्पीच की कुछ वीडियो क्लिप्स भी दिखाई गईं, जिनमें वह पूर्वोत्तर राज्य असम को भारत से काटने, दिल्ली का दूध-



पानी बंद करने और उग्र विरोध करने जैसी बातें कह रहा है.

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार (20 नवंबर, 2025) को आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा कि आजकल एक ट्रेंड देखने को मिला है बुद्धिजीवी लोग सरकारी पैसे से पहले पढ़ाई करके डॉक्टर-इंजीनियर बनते हैं और फिर देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं.

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच के सामने दिल्ली पुलिस का पक्ष रखने के लिए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू पेश हुए. उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवी जब आतंकवादी बनते हैं तो वे जमीनी स्तर पर काम करने वालों से भी ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं. एएसजी राजू का इशारा हरियाणा की अल फलाह यूनिवर्सिटी से चल रहे व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की तरफ था, जिसका जांच एजेंसियों ने हाल ही में भंडाफोड़ किया है।

# US के प्रतिबंधों पर पुतिन के करीबी का बयान सुन हिल जाएंगे ट्रंप!

**रूस**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले महीने भारत का दौरा कर सकते हैं. उससे पहले रूस ने भारत के सामने एक महत्वपूर्ण सैन्य प्रस्ताव रखा है जिससे भारतीय एयर डिफेंस पावर और भी मजबूत हो जाएगी. मॉस्को ने पांचवीं पीढ़ी के र४-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की तकनीक भी भारत को देने की पेशकश की है. भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने दोनों देशों के रिश्तों को लेकर बयान दिया है.



डेनिस अलिपोव ने कहा कि पश्चिमी देशों की सारी रुकावटों के बावजूद रूस भारत को तेल का सबसे बड़ा सप्लायर बना हुआ है. उन्होंने कहा कि मॉस्को दिल्ली को एनर्जी संसाधनों की खरीद में भी अच्छी डील देते रहने के लिए तैयार है. पश्चिम देश रूस से एनर्जी और तेल नहीं खरीदने को लेकर लगातार भारत पर दबाव बना रहे हैं, जबकि भारत ने दो टूक कहा है कि वह अपने नागरिकों की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए तेल खरीदना जारी रखेगा.

रूसी न्यूज एजेंसी TASS की रिपोर्ट के मुताबिक डेनिस अलिपोव ने कहा, "पिछले कुछ सालों में रूस और भारत के बीच सहयोग कई क्षेत्रों में काफी बढ़ा है, जिसका कुछ हद तक श्रेय पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार करने को जाता है।

### रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ीं: मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ED ने दायर किया नया आरोपपत्र

**नई दिल्ली**

**ईडी** ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ नया आरोपपत्र दायर किया है, जिसमें लंदन स्थित संपत्ति के नवीनीकरण के लिए धन मुहैया कराने का आरोप है। यह मामला संजय भंडारी से जुड़ा है, जिसे पहले ही भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया जा चुका है, हालांकि वाड्रा ने आरोपों का खंडन किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन स्थित रक्षा डीलर संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक नया आरोपपत्र दायर किया है।

## जैसलमेर में इजरायली ड्रोन की आपात लैंडिंग: इंजन में खराबी बनी वजह, जांच जारी

**जैसलमेर**

**भारतीय** वायु सेना के एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (फ्ढअ) को नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान इंजन में खराबी आने के बाद जैसलमेर के पास सुरक्षित लैंडिंग करनी पड़ी। इजराइली मूल का यह मानवरहित हवाई वाहन (वअश) जैसलमेर के रामगढ़ क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास सत्तार माइनर के चक संख्या 3 में खेत में उतारा गया। रामगढ़ पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक प्रेम शंकर ने बताया कि वअश को गुरुवार को खेत से बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। बाद में भारतीय वायु सेना के अधिकारी घटनास्थल पर पहुँचे और यूएवी को अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले चेन्नई के तांबरम में भी ऐसी ही एक घटना हुई थी, जब भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का पिलाटस पीसी-7 बेसिक ट्रेनर विमान शुक्रवार दोपहर नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## राजस्थानः वोट चोरी, बेरोजगारी पर युवा कांग्रेस का जयपुर में हल्लाबोल




**राजस्थान**

**राजस्थान** युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने गुरुवार को जयपुर में मुख्यमंत्री आवास के बाहर कथित "वोट चोरी", किसान मुद्दों और बेरोजगारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने कार्यकताओं पर पानी की बौछारें कीं। विरोध प्रदर्शन के दौरान, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि संगठन देश के लोकतंत्र को "नष्ट" नहीं होने देगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके सदस्य डरे हुए नहीं हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रयास जारी रखेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए, उदय भानु चिब ने कहा कि हम डरे हुए नहीं हैं। हम देश के लोकतंत्र को नष्ट नहीं होने देंगे। भारत की युवा कांग्रेस का हर युवा देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इस बीच, इससे पहले दिन में, 16 न्यायाधीशों, 123 सेवानिवृत्त नौकरशाहों, 14 राजदूतों, 133 सेवानिवृत्त सशस्त्र बल अधिकारियों सहित 272 से अधिक प्रतिष्ठित नागरिकों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा "राष्ट्रीय संवैधानिक प्राधिकारियों पर बार-बार हमले" की निंदा करते हुए एक खुला पत्र लिखा।

पत्र में कहा गया है कि वास्तविक नीतिगत विकल्प पेश करने के बजाय, कांग्रेस नेता निराधार आरोप लगाने पर तुले हैं। सशस्त्र बलों की वीरता और न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाने जैसे संस्थानों पर पहले भी हुए कथित हमलों की निंदा करते हुए, पत्र में कहा गया है कि इस बार चुनाव आयोग "अपनी ईमानदारी और प्रतिष्ठा पर व्यवस्थित और षड्यंत्रकारी हमलों" का सामना कर रहा है। खुले पत्र में कहा गया है।

# वायु प्रदूषण से सिकुड़ रहा है दिल्ली वालों का दिमाग

## बच्चों और किशोरों के मेमोरी स्कोर में भी 22% की कमी

**नई दिल्ली। राष्ट्रीय** राजधानी का बढ़ता प्रदूषण दिल्ली वालों का दिमाग सिकोड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ते प्रदूषण के कारण दिल्ली के लोगों के ब्रेन वॉल्यूम यानी दिमाग के आकार में 16 प्रतिशत तक की कमी देखी जा रही है। यह राष्ट्रीय औसत 12 से अधिक है।

यह चिकित्सीय निष्कर्ष कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध के तुलनात्मक विश्लेषण का परिणाम है। अमेरिका, यूरोप व एशिया में किए गए लॉन्जिट्यूडिनल कम्युनिटी स्टडीज (लंबे समय तक समुदायों पर किए शोध) और एमआरआई आधारित न्यूरोइमेजिंग (मस्तिष्क स्कैन आधारित अध्ययन) के आधार पर विशेषज्ञों बताते हैं कि दिल्ली की जहरीली हवा में मौजूद अल्ट्रा फाइन कण पीएम 2.5, पीएम-1 फेफड़ों के रास्ते सीधे रक्त प्रवाह में पहुंचकर मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं।

ये कण मस्तिष्क के न्यूरो-इंफ्लेमेशन को बढ़ाते हैं, जिससे ब्रेन सेल्स कमजोर हो जाते हैं, यह मस्तिष्क के आकार को सिकोड़ने के साथ स्मृति, ध्यान, सीखने की क्षमता तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया पर गहरा असर डालते हैं। यह दीर्घकालिक व गंभीर नुकसान है। यदि अभी सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों तक की मानसिक क्षमता प्रभावित होगी।

इसकी पुष्टि पद्मावती सिंघानिया रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ पलमोनरी, क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन के अध्यक्ष व एम्स के पूर्व निदेशक प्रो. डॉ. जीसी खिलनानी और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के पलमोनरी एंड क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनंत मोहन भी



करते हैं।

उनका कहना है कि वर्तमान में दिल्ली एक ऐसे पर्यावरणीय संकट से गुजर रही है, जिसकी गंभीरता केवल सांस या फेफड़ों की बीमारियों तक सीमित नहीं रह गई। नई मेडिकल रिसर्च बताती है कि दिल्ली की जहरीली हवा लोगों के मस्तिष्क पर सीधा प्रहार कर रही है। लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण ने ब्रेन हेल्थ इमरजेंसी की स्थिति पैदा कर दी है।

प्रो. डॉ. अनंत मोहन ने कहा कि लंबे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से लोग भूलने की समस्या, ध्यान की कमी, चिड़चिड़ापन व निर्णय क्षमता में गिरावट जैसी दिक्कतों का सामना करने लगे हैं। प्रो. डॉ. जीसी खिलनानी ने कहा कि प्रदूषण के कारण ह्यकॉग्निटिव डिक्लाइनह्ण (संज्ञानात्मक क्षमता में गिरावट) दिल्ली में तेजी से बढ़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि हालात ऐसे ही रहे, तो आने वाले वर्षों में डिमेंशिया (स्मृति ह्रास की गंभीर बीमारी) के मामलों में तेज बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

राष्ट्रीय शोधों के निष्कर्ष

आईसीएमआर (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) के अध्ययन में पाया गया ।

# लौह पुरुष ने देश को एकता के सूत्र में बांधा : सिद्धार्थ नाथ

**अखंड भारत संदेश**




**जंघई।** स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को प्रतापपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य पदयात्रा निकाली गई जो छतौना पेट्रोल पंप के सामने से प्रारंभ होकर पटेल हॉस्पिटल, सेमरी ननकू का पूरा, प्रतापपुर पुरानी बाजार होते हुए प्रतापपुर प्राचीन श्री हनुमान मंदिर पर एक भव्य जनसभा के रूप में परिणित हुई। हाथों में तिरंगा लिए हुए कार्यकताओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारत, भारत माता की जय, सरदार पटेल अमर रहे के जोशीले नारे लगाते हुए पद यात्रा निकाली जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के माहौल में रम गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर पश्चिमी के विधायक पूर्व मंत्री डॉक्टर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने राष्ट्र निमार्ता के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय से देश को एकता के सूत्र में बांधने का महत्वपूर्ण कार्य किया, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया है उसी प्रकार हम प्रतापपुर के भाजपा के लिए विरान पड़ी विधानसभा को उनके पद चिह्नों पर चलकर एक भारत श्रेष्ठ भारत एक प्रतापपुर श्रेष्ठ प्रतापपुर के सिद्धांत पर चलकर हम प्रतापपुर विधानसभा कमल खिलाएंगे। विशिष्ट अतिथि गंगापार की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता एवं अखंडता के लिए समर्पित रहा और आज का दिन हमें पुनः यही संकल्प दिलाता है कि हम सब एक होकर जात-पात में न बटें और एक होकर देश को समृद्ध करते हुए इस प्रतापपुर विधानसभा को भाजपा की झोली में डालने का संकल्प लें। कार्यक्रम में जिला प्रभारी उत्तर मौर्य, जिला प्रवासी हौसिला प्रसाद पाठक, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमेश पांडेय, जिला महामंत्री हरिभूषण सिंह, मनोज निषाद, जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पांडेय, संयोजक संजय मिश्र बनकटा, मंडल प्रभारी मनोज सिंह आचार्य, जिला मंत्री महेश पांडेय, सभाजीत मिश्र, घनश्याम पांडेय, राजकुमार पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिंद, मनोज पाठक, रामधारी सरोज, कमलेश मौर्य, ब्रह्मचारी जायसवाल, सुरेश विश्वकर्मा, राजीव कुशवाहा, अशफाक अहमद, मुकुंद लाल मौर्य, रीना सिंह, अनीता सिंह, संगीता पटेल, ज्ञानेंद्र पांडेय, महंत लाल पटेल, अच्छेलाल पटेल, गुड्डू मिश्रा, शेखर पांडेय, संदीप तोगड़िया, प्रदीप शर्मा, सतीश मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूल के बच्चों का कराया शैक्षिक भ्रमण : सभी में दिखा एक उत्साह

## बच्चों ने जाना ऐतिहासक स्थलों की महत्वता

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** जनपद प्रयागराज के विकासखंड सोरांव अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज सेकेंड के बच्चों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण टूर बनारस ले जाया गया जहां बच्चों ने बौद्ध स्तूप देखा, जैन मंदिर, म्यूजियम, चिड़ियाघर आदि देखे। प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह ने बताया की यहाँ का सबसे चर्चित व ऐतिहासिक स्थल है बौद्ध स्तूप। यह वह स्थान है जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था और यहाँ कई महत्वपूर्ण बौद्ध स्मारक है। सारनाथ का बौद्ध स्मारक धमेक स्तूप, चौखंडी स्तूप, अशोक स्तम्भ, वहां के संग्रहलय भी घुमाया और सभी के बारे में बड़े ही विस्तार से बच्चों को उनकी महत्वता पर प्रकाश डाला। बनारस के कई ऐतिहासिक स्थलों पर घुमाया जिसमें अशोक स्तम्भ को लेकर बताया बताया, म्यूजियम, जैन मंदिर एवं बच्चों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के पशु पक्षियों को देखा और उनके बारे में नई बातें सीखी। वही टीचर्स द्वारा बच्चों को जानवरों के स्वभाव, खानपान और पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी। प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह ने बताया बच्चों में उत्साह और सीखने की भावना को प्रोत्साहित करने वाली सराहनीय पहल है। इसके पूर्व भी बच्चों को लखनऊ की चिड़ियाघर जिसमें तरह-तरह के पशु पक्षियों को दिखा। बच्चों के इस शैक्षिक टूर में टीचर्स में मौजूद रहीं दिव्या त्रिपाठी, इफ्फत जहां, मंजू आदि सभी ने मौजूद रहते हुए बच्चों में भी एक उत्साह दिखा।



### बिहार में नई सरकार का स्वागत, भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों संग मनाया जश्न

**प्रयागराज।** बिहार में गुरुवार को नई सरकार के गठन की घोषणा होते ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। प्रदेशभर में कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ उल्लासपूर्ण माहौल में जश्न मनाया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश सह-संयोजक अंगद सिंह पटेल के नेतृत्व में भी कार्यकताओं का समूह एकत्र होकर खुशी का इजहार करता दिखा। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नई सरकार के गठन को प्रदेश के विकास और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अंगद पटेल ने बताया कि जनता को नई सरकार से बेहतर सुरक्षा, विकास कार्यों में तेजी और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन की उम्मीद है। जश्न के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए और राज्य में राजनीतिक स्थिरता को जनता के हित में बताया। कार्यक्रम में सुभाष गुप्ता, घनश्याम मौर्य, गया प्रसाद, आनंद मिश्रा, मंजेश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह पटेल, राम लखन विश्वकर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। उपस्थित कार्यकताओं ने कहा कि नई सरकार के नेतृत्व में राज्य में विकास की गति और तेज होगी तथा समाज के कमजोर वर्गों को विशेष लाभ मिल सकेगा।

## पत्रकार के बड़े पिता की बेटी की शादी आज

### 21 नवंबर को कौशांबी के पूर्व सांसद सहित कई नेता होंगे शामिल

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खंड मांडा के भरथीपुर गांव निवासी पत्रकार प्रदीप कुमार के बड़े पिता हजारी लाल सोनकर की पुत्री श्वेता सोनकर का विवाह समारोह आज, 21 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कौशांबी के पूर्व सांसद विनोद सोनकर सहित कई प्रमुख नेता शामिल होंगे। भाजपा के पूर्व सांसद और अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सोनकर, मांडा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह और मेजा के सपा विधायक संदीप सिंह पटेल आज शाम लगभग छह बजे भारतगंज स्थित अमरावती गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। ये नेता वर-वधू को आशीर्वाद देंगे। विवाह समारोह में सपा नेता एवं जिला उपाध्यक्ष रणजीत सोनकर, मिजार्पुर जनपद से भाजपा युवा नेता और अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सोनकर सहित कई अन्य कद्दावर नेता भी शिरकत करेंगे।

# डस्टबिन कमरे में, कचड़ा सड़कों पर, क्यों सोई है नगर पंचायत

### नगर पंचायत शंकरगढ़ में 6 माह से धूल फांक रहा 'डबल हैंगिंग डस्टबिन', स्वच्छता मिशन पर बड़ा सवाल







**आलोक गुप्ता**

**शंकरगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर मजबूत करने का दावा करने वाली नगर पंचायत शंकरगढ़ की कार्यशैली एक बार फिर कटघरे में है। नगर के 12 वार्डों में लगाए जाने के लिए आया डबल हैंगिंग डस्टबिन पिछले 6 महीनों से ऑफिस में ही बंद पड़ा धूल खा रहा है, लेकिन उसे लगाने की सुध किसी भी जिम्मेदार ने नहीं ली।सूत्र बताते हैं कि यह डस्टबिन अप्रैल महीने में स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के मकसद से आया था, ताकि नगर को कचरा मुक्त बनाया जा सके। लेकिन आधा साल बीत जाने के बाद भी न तो पैकिंग खुली, न ही डस्टबिन अपने स्थान तक पहुंच सका।

खास बात यह कि कमियों को छिपाने के लिए इसे कार्यालय से हटाकर डूडा कॉलोनी के एक कमरे में रखवा दिया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की उदासीनता के कारण वार्डों में जगह-जगह कचरे के ढेर जमा हैं। दूसरी ओर स्वच्छता कर्मियों के पास पर्याप्त संसाधन तक नहीं हैं, जिससे सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है।वार्ड के लोगों का यह भी कहना है कि अगर डस्टबिन समय पर लगा दिए गए होते तो वार्डों में गंदगी काफी हद तक कम हो जाती।वार्ड के लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डस्टबिन वितरण और स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य जमीन पर भी दिखे, सिर्फ कागजों में नहीं।

### ढाई सौ में सिर्फ 70 डस्टबिन लगे, बाकी 180 अब भी बंद कमरे में

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत को कुल 250 हैंगिंग डस्टबिन मिले थे।लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक सिर्फ 70 ही लगाए गए, जबकि 180 डस्टबिन आज भी डूडा कॉलोनी के कमरे में धूल फांक रहे हैं।लोगों का कहना है कि यह लापरवाही साफ-सफाई के प्रति नगर पंचायत की गंभीरता पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

### ईओ और जेई का कोई टाइम नहीं, चुपके से आते और चुपके से जाते सभासद

इस मामले में वार्ड नंबर 1 की सभासद पूजा साहू से बात की गई। उन्होंने नगर पंचायत की कार्यशैली पर खुलकर सवाल उठाए।सभासद ने बताया कि ईओ और जेई के आने की कोई टाइमिंग तय नहीं है। चुपचाप आते हैं और चले जाते हैं, हमारी समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं।मैंने अपने वार्ड में 5-6 जगह पर पुराने डस्टबिन बदलवाने हेतु कहा था, लेकिन कहा गया कि गाड़ी खराब है।सभासद का कहना है कि जनता परेशान है, कचरा सड़कों पर उड़ रहा है और जिम्मेदार अधिकारी हकीकत से दूरी बनाकर चल रहे हैं।

# बारा विधायक डॉ. वाचस्पति के दमदार प्रयासों से क्षेत्र की सूरत बदलने को तैयार

### मुख्यमंत्री से विशेष भेंट का बड़ा असर, डॉ. वाचस्पति ने दिलाई ऐतिहासिक स्वीकृतियाँ, अब बारा में विकास की रफ्तार होगी दोगुनी

### आधा दर्जन सड़कें, एक बड़ा पुल और कई महत्वपूर्ण मार्गों को मिली हरी झंडी

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** विधानसभा के लिए यह सप्ताह ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। क्षेत्र के लोकप्रिय और जन-जन के प्रिय बारा विधायक डॉ. वाचस्पति की अथक मेहनत, मजबूत इच्छाशक्ति और विकास को लेकर उनकी प्रतिबद्धता अब बड़े परिणाम के रूप में सामने आने लगी है। कुछ दिनों पूर्व जब बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बारा क्षेत्र की सड़कों और आवागमन को लेकर गम्भीर समस्याओं को विस्तार से बताया,तो मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता पर लिया। बारा विधायक डॉ. वाचस्पति के प्रयासों का ही परिणाम है कि रूम इंटर कॉलेज तरसु का पूरा मार्ग, बंधवा से देवखरिया मार्ग, जारी से नेवढ़िया मार्ग, कमला पंप से राम नेवाज तक का सम्पूर्ण मार्ग, तथा प्रतापपुर बुंदेला नाले पर पुल एवं मार्ग-इन सभी पर टेंडर की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, और जल्द ही इन पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। यह सड़कें वर्षों से बदहाल स्थिति में थीं और क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई थीं। लेकिन अब स्थिति बदलने जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बारा क्षेत्र की आधा दर्जन सड़कों के साथ-साथ प्रतापपुर में बुंदेला नाले पर बनने वाला यह पुल क्षेत्र की कनेक्टिविटी और विकास के नए द्वार खोलेगा। गांवों से शहर तक की दूरी कम होगी, स्कूल, अस्पताल और बाजारों तक पहुंच आसान होगी, और बरसात के दिनों में लोगों को होने वाली भारी परेशानी खत्म हो जाएगी। इसी के साथ एक और बड़ी स्वीकृति मिली है, विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी ने बताया कि वर्षों से उपेक्षा झेल रहे और टूट-फूट की हालत में पड़े नीबीं से लालापुर मार्ग का टेंडर भी जारी हो चुका है। यह उपलब्धि केवल और केवल बारा विधायक डॉ. वाचस्पति के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं को न सिर्फ सुना गया, बल्कि तत्काल प्रभाव से स्वीकृति भी दे दी गई। क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि विधायक डॉ. वाचस्पति बारा के विकास के लिए दिन-रात काम करते हैं और यही वजह है कि आज कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को नया जीवन मिला है। स्थानीय जनता इस बात को खुले दिल से मानती है कि बारा के विकास की जो मजबूत नींव आज डाली जा रही है, वह बारा विधायक डॉ. वाचस्पति की सक्रिय सोच, दूरदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है। विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद (श्यामू) ने कहा कि अब जब इतने बड़े स्तर पर सड़क और पुल निर्माण शुरू होने जा रहा है, तो निश्चित ही आने वाले महीनों में बारा क्षेत्र का नक्शा बदला हुआ दिखाई देगा। लोगों की वर्षों पुरानी मांगें पूरी होंगी और क्षेत्र विकास की नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगा।

### ससुरालियों ने विवाहिता को दहेज के खातिर भगाया पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदियानी सरैंया निवासनीय आरती देवी पुत्री हरिशंकर यादव का कहना है कि उसकी शादी 19 अप्रैल 2014 को सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर नफरतपुर निवासी दानपाल उर्फ अजय पुत्र दयाराम के साथ हुई थी। जिससे दो पुत्रियां एक पुत्र है। आरती देवी का आरोप है कि शादी में साढे सात लाख नगदी,सोना, चांदी के जेवरात, फ्रीज, वाशिंग मशीन आदि देने के बाद भी ससुरालियों द्वारा हमेशा अतिरिक्त दहेज के खातिर प्रताड़ित किया जाता रहा।आरती देवी का आरोप है कि 2021 में ससुरालियों ने उसके दो पुत्रियों को छीन लिए तथा पुत्र को देकर मार पीट कर भगा दिए। आरती देवी का आरोप है कि कई बार पंचायत से मामला हल करने का प्रयास किया गया परन्तु ससुरालियों द्वारा इंकार कर दिए। थक हार कर आरती देवी ने पुलिस आयुक्त के यहां न्याय की गुहार लगाई। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने आरती के पति दानपाल उर्फ अजय, ससुर दयाराम यादव, सास मूर्ति देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कर पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

# किसान पुत्र का मैराथन में 13वां स्थान आने पर लोगों ने दी बधाई

### मऊआइमा के संघ कार्यालय पर मैराथन दौड़ के विजेता प्रदीप पाल को दिनेश मौर्या व संदीप ने किया सम्मानित





**मऊआइमा।** मऊआइमा में बुधवार को हुए इंद्रा मैराथन दौड़ में देश के हर प्रदेश के धावकों ने भाग लिया। वहीं मऊआइमा के अलावल पुर गांव के विखना पुर के एक किसान खेती किसानी कर परिवार को पालता है। उसी का पुत्र प्रदीप पाल अपनी मेहनत लगन से दौड़ता है। 2025 के मैराथन दौड़ में भाग लिया। और 42 किलो मीटर का लक्ष्य तक पहुंचने में 13वा स्थान प्राप्त किया। मैराथन में विजेताओं की सूची में प्रदीप पाल का नाम आते ही गांव से लेकर पूरे मऊआइमा में लोगों में खुशी दिखी हर जगह प्रदीप पाल की चर्चा रही। गुरुवार को लोग प्रदीप के घर जाकर बधाई देते रहे।

वहीं संघ कार्यालय मरखामऊ में दिनेश मौर्या के नेतृत्व में माला पहना कर व चित्र देकर स्वागत किया गया। उन्होंने ने कहा कि ऐसे ही मेहनत करते रहे तो अगली बार होने वाले मैराथन में प्रदीप पाल का पहला स्थान होगा। इस मौके पर संघ के जिला शारीरिक प्रमुख संदीप जी, सम्राट अमन मौर्या, राम कृष्ण मौर्य, अशोक केसरवानी, अजय अग्रहरि, आशीष विहान, विहिप जिला उपाध्यक्ष राम नेवाज प्रजापति समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह देखकर भाव-विभोर हुए चनेथू निवासी

**अखंड भारत संदेश**





**जंघई।** चनेथू गांव में मुख्य यजमान गायत्री देवी एवं धनंजय पांडेय के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन गुरुवार को कथा व्यास आचार्य अवनीश भाई महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी मंगल विवाह का संगीतमय वर्णन किया। महाराज ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। आयोजकों की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश ओझा, कैलाश नाथ पांडेय एवं राजकुमारी पांडेय, फूलचंद्र पांडेय, गुलाब चंद्र पांडेय, रामचंद्र पांडेय, तीर्थराज पांडेय, आशाराम पांडेय, कृपाशंकर पांडेय, मुन्ना पांडेय प्रधान, राजा पांडेय, राधेश्याम पांडेय, जिलाजीत पांडेय, हरिमोहन पांडेय, कृष्णराज पांडेय, सुरेंद्र कुमार, शिव कुमार, सर्वेश कुमार, दिलीप पांडेय, अमित, धर्मेंद्र, जितेंद्र, सुनील, शुभम, ओम, साहिल, अनुज, उत्तम, ध्रुव, वेदांस सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एसआईआर अभियान में बीएलओ की लापरवाही से ग्रामीण नाराज

**मांडा।** क्षेत्र में चल रहे एसआईआर (विशेष सुधार अभियान) के तहत पत्रक वितरण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। नगर पंचायत भारतगंज, मांडा खास, हड़िया, कुदर, पियरी सहित कई ग्राम पंचायतों में तैनात बीएलओ पर केवल औपचारिकता निभाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें यह तक नहीं पता कि किस गांव में कौन बीएलओ तैनात है। लोगों ने बताया कि कई बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वास्तविक सत्यापन किए बिना ही दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। कई घरों में बीएलओ पहुंचे ही नहीं, फिर भी रिकॉर्ड में पत्रक वितरण पूरा दिखा दिया गया। गिरधरपुर निवासी प्रिंश सोनकर ने कहा कि बीएलओ कुछ मिनट रुककर सिर्फ हस्ताक्षर करा लेते हैं, कोई जानकारी या पूछताछ नहीं करते। सरिता देवी ने भी बताया कि उनसे बिना समझाए दस्तावेजों पर साइन करवा लिए गए। बीएलओ विजय कृष्ण पांडेय ने बताया कि मांडा और निबियरिया गांव मिलाकर 600 पत्रक वितरित किए गए हैं। उनका कहना है कि यदि मांडा खास के प्रत्येक वार्ड सदस्य सहयोग करें तो काम और सुगमता से हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि महिलाओं के हाथों में जिम्मेदारी सौंपने के बावजूद अधिकारियों द्वारा उचित निगरानी नहीं की जा रही, जिससे एसआईआर अभियान की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बीएलओ की कार्यप्रणाली की जांच और पूरे क्षेत्र में पुनः सत्यापन कराने की मांग की है।

### रानी लक्ष्मीबाई एवं श्रद्धेय भाऊराव देवरस की जयन्ती पर उद्बोधन देने वाले भैया बहन हुए पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सर्वोदय नगर में बुधवार को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई एवं श्रद्धेय भाऊराव देवरस जी की जयन्ती पर आचार्य उज्ज्वल ने विशेष व्याख्यान दिया। भैया - बहनों को रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य - साहस और अंग्रेजों के खिलाफ उनकी वीरता के इतिहास से अवगत कराया। जयंती पर अपने विचार रखने वाले भैया बहिनों में कक्षा पंचम की बहन रिद्धिका वर्मा को प्रथम स्थान, कक्षा षष्ठ के भैया उत्कर्ष श्रीवास्तव तृतीयस्थान, कक्षा अष्टम के भैया भाष्कर शुक्ला को द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया। विद्यालय के भैया बहिनों ने रानी लक्ष्मीबाई की वीरता के गीत एवं अपने प्रस्तुत किये थे। गुरुवार कार्यक्रम में प्रस्तुति कर प्रतिभाग करने वाले भैया-बहन को भारतीय सांस्कृतिक परिषद एवं विद्वत परिषद की ओर से प्रशस्तिपत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम के अतिथि भारतीय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष एवं विद्वत परिषद के सदस्य सतीश कुमार गुप्त ने भैया - बहन को पुरस्कृत किया एवं शिक्षा और संस्कार का बीजारोपण कर कीर्तिमान वट - वृक्ष का स्वरूप प्रदान करने वाले महानायक श्रद्धेय भाऊराव देवरस जी के भारत की स्वतंत्रता एवं संस्कारिक शिक्षा में दिये गये समर्पित योगदान पर प्रकाश डाला। कालेज के प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र तिवारी ने रानी लक्ष्मीबाई के स्वतंत्रता प्राप्ति में पराक्रम और साहस पूर्वक अंग्रेजों का डटकर मुकाबला करते हुये वीरगति को प्राप्त होने के इतिहास से भैया-बहनों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रबन्ध आचार्य विजय अभिनन्दन मिश्र ने किया एवं आभार प्रधानाचार्य ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभी भैया बहन एवं आचार्य आचार्या दीदी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर चलती कार में लगी आग

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा उस समय होते-होते टल गया, जब चलती कार में अचानक आग लग गई। कुछ ही सेकेंड में कार से उठते धुएं ने लपटों के रूप ले लिया और कार आग के गोले में तब्दील हो गई। कार में सवार सभी लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। घटना पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली इलाके के मारियाडीह मोड़ के पास हुई, जहां सड़क पर अचानक हुए इस हादसे को देखकर आसपास मौजूद लोग भी दहशत में आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार हाईवे पर सामान्य रफ्तार से जा रही थी कि अचानक उसके बोनट से धुआं निकलने लगा। चालक ने गाड़ी रोक कर स्थिति समझने की कोशिश की, तभी धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग पूरी कार में फैल गई। किसी तरह कार सवारों ने दरवाजे खोलकर बाहर छलांग लगाई और सड़क किनारे सुरक्षित दूरी पर खड़े हो गए.इस दौरान मौके से गुजर रहे एक राहगीर ने जलती हुई कार का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में हाईवे किनारे खड़े कई लोग मोबाइल से जलती कार को रिकॉर्ड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। लगभग पूरी कार आग की चपेट में थी, जबकि आसपास खड़े लोग मदद करने के बजाय सिर्फ वीडियो बनाते नजर आए।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार लगभग पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि सटीक कारण तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

इस पूरी घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन चलती कार में आग लगने का यह मामला लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने कार मालिक से बातचीत कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

## प्रयागराज में डॉ संपूर्णानंद वाद विवाद प्रतियोगिता में पटेल विद्यालय की छात्रायें अव्वल



**कोरांव।** बृहस्पतिवार 20/11/2025 को राजकीय इंटर कालेज प्रयागराज में सम्पन्न डा सम्पूर्णानन्द वाद विवाद प्रतियोगिता विषयक नारी सशक्तिकरण एक भ्रम अथवा यथार्थ था में सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव प्रयागराज की छात्राएं पक्ष और विपक्ष दोनों में प्रथम स्थान पर रहीं। पक्ष में शिवानी कक्षा 12 तथा विपक्ष में दिव्यांशी शुक्ला कक्षा 12 ने स्थान पर कब्जा जमाया। अध्यापकों अभिभावकों ने उक्त छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाईयां दोनों दी। उक्त जानकारी और प्रिंसिपल डॉ अवधेश प्रताप सिंह पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# थरवई में मूर्ति के अनावरण पर पहुंचे फूलपुर सांसद

**व्यक्ति का व्यक्तित्व ही असली पहचान है : सांसद प्रवीण पटेल**

**सांसद ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और स्व0 राम कैलाश के व्यक्तित्व और विचारों की सराहना की।**



**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** थरवई क्षेत्र में स्थित जगदीशपुर पूरे चंदा (चकठाकुर राम) गांव में स्व0 राम कैलाश मिश्र की मूर्ति का अनावरण बुधवार को मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने किया। इस अवसर पर सांसद ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और स्व0 राम कैलाश के व्यक्तित्व और विचारों की सराहना की। जानकारी के अनुसार स्व0 राम कैलाश मिश्र ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज प्रयागराज में 1975 में छात्र अध्यक्ष रहे, उनकी मृत्यु 32 वर्ष की अल्प आयु में हो गई थी। कार्यक्रम का आयोजक रामाश्रय मिश्र ने किया और आये हुए सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस मौके पर संदीप दुबे, प्रेम नरेश शुक्ला, मकसूदन पाण्डेय, भोलानाथ द्विवेदी, रमेश चंद्र पाण्डेय, कमलेश द्विवेदी, संतोष मिश्रा, लल्लू शुक्ला, रामनाथ द्विवेदी, के.डी मिश्रा, बी.डी शुक्ला, कमलेश शुक्ला, विजय मिश्रा, विनय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में सम्मानित क्षेत्रीय लोग पुण्यतिथि मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धनंजय शाश्वत एवं दीपू दुबे ने किया।

# पति-पत्नी को तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख ठगे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त बैंककर्मी राकेश सिन्हा को पत्नी समेत फोन पर झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। लगातार तीन दिन तक वीडियो कॉल पर रखकर ठगों ने दोनों से 12.20 लाख ठगे लिए।

**ट्राई (TRAI) और मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर किया कॉल**

पीड़ित ने पुलिस को बताया, 14 नवम्बर की शाम उनके पास अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को ट्राई (TRAI) का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उनके आधार से कई नम्बर जुड़े हैं जिनसे आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे हैं। इसके बाद कॉल को कथित मुंबई पुलिस मुख्यालय से जोड़ दिया गया।

एक व्यक्ति ने खुद को कोलाबा थाने का उप निरीक्षक विजय खन्ना, जबकि दूसरे ने अपर पुलिस आयुक्त नायक बताया।

अरेस्ट वारंट और मनी लांड्रिंग केस का डर दिखाया ठगों ने दोनों को बताया कि उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट तैयार है और उनका नाम मनी लांड्रिंग मामले में आया है। वरिष्ठ नागरिक बताते हुए उन्हें घर से बाहर न निकलने और ह्लजांचह्व में सहयोग करने का दबाव बनाया गया। इस तरह उन्हें मानसिक दबाव में रखकर पूरी तरह डिजिटल अरेस्ट कर दिया गया।

**फर्जी अदालत आदेश भेजकर एफडी तोड़वाई**

16 नवम्बर को ठगों ने उनके मोबाइल पर उच्चतम न्यायालय के नाम से फर्जी आदेश भेजा। 17 नवंबर को उसी आदेश का हवाला देकर दोनों की सभी एफडी तोड़वायी और फिर 12.20 लाख रुपये महाराष्ट्र के जलगांव स्थित एक खाते में आरटीजीएस से जमा कराए। साइबर थाना पुलिस ने बताया। जानकारी मिली है। बैंक दस्तावेज लेकर ठगी में प्रयुक्त खाते को फ्रीज कराने की प्रक्रिया भी तेज कर दी है।

## इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज को मिली अंग्रेजी माध्यम में 12वीं तक मान्यता

**प्रयागराज।** यमुनापार के श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा करछना विद्यालय को कक्षा 12 तक अंग्रेजी माध्यम की मान्यता मिलते ही स्थानीय छात्रों और अभिभावकों में उत्साह फैल गया। ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार मिली इस सुविधा को शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने वाली बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अभिभावकों ने इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि अब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के स्कूलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के अनेक प्रतिभाशाली छात्रों को बेहतर वातावरण भी मिल सकेगा। प्रधानाचार्य अमित पांडेय ने जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पी.एन. सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में स्मार्ट क्लास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि हर छात्र अपने लक्ष्य तक पहुंच सके।

# नैनी में ट्रक ने पैदल घर जा रही बुजुर्ग महिला को कुचला, मौत

**अखंड भारत संदेश**





**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के पास ट्रक ने पैदल घर जा रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। चालक ट्रक लेकर भागने लगा तो भीड ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक महिला के घरवालों को सूचना के दी। ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। नैनी चक दाऊद नगर की रहने वाली बुजुर्ग महिला डंगरी देवी के बेटे और पोते मेवालाल बगिया चौराहे के पास डोसा कार्नर की दुरकान चलाते है। गुरुवार को सुबह डंगरी देवी दुकान से कुछ सामान लेकर अपने घर काजीपुर के पास जा रही थी। उस दौरान एक बालू लदा ट्रक जा रहा था। ट्रक बालू गिराने के बाद वापस जाने की तैयारी में था। उस दौरान ट्रक ने डंगरी देवी को सामने कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भागने लग। इस दौरान स्थानीय भीड़ ने चालक को ट्रक सहित पकड़ लिया और पुलिस को सूचना कर दी। सूचना पर पहुंचे नैनी चौकी इंचार्ज बलिराम ने तत्काल ट्रक चालक को हिरासत में लिया और थाने उठा ले गए। इसके साथ-साथ महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतका के पोते आकाश ने नैनी कोतवाली में घटना की तहरीर दी है। मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# एसआईआर अभियान में बीएलओ की लापरवाही से ग्रामीण नाराज

**मांडा।** क्षेत्र में चल रहे एसआईआर (विशेष सुधार अभियान) के तहत पत्रक वितरण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। नगर पंचायत भारतगंज, मांडा खास, हड़िया, कुदर, पियरी सहित कई ग्राम पंचायतों में तैनात बीएलओ पर केवल औपचारिकता निभाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें यह तक नहीं पता कि किस गांव में कौन बीएलओ तैनात है। लोगों ने बताया कि कई बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वास्तविक सत्यापन किए बिना ही दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। कई घरों में बीएलओ पहुंचे ही नहीं, फिर भी रिकॉर्ड में पत्रक वितरण पूरा दिखा दिया गया। गिरधरपुर निवासी प्रिंश सोनकर ने कहा कि बीएलओ कुछ मिनट रुककर सिर्फ हस्ताक्षर करा लेते हैं, कोई जानकारी या पूछताछ नहीं करते। सरिता देवी ने भी बताया कि उनसे बिना समझाए दस्तावेजों पर साइन करवा लिए गए। बीएलओ विजय कृष्ण पांडेय ने बताया कि मांडा और निबियरिया गांव मिलाकर 600 पत्रक वितरित किए गए हैं। उनका कहना है कि यदि मांडा खास के प्रत्येक वार्ड सदस्य सहयोग करें तो काम और सुगमता से हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि महिलाओं के हाथों में जिम्मेदारी सौंपने के बावजूद अधिकारियों द्वारा उचित निगरानी नहीं की जा रही, जिससे एसआईआर अभियान की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बीएलओ की कार्यप्रणाली की जांच और पूरे क्षेत्र में पुनः सत्यापन कराने की मांग की है।

# राम राज्याभिषेक के साथ रामचरितमानस सम्मेलन का समापन





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती स्थित मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन के विश्राम दिवस पर राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने रामराज्याभिषेक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि वन में संत-महात्माओं, कोल-भिल्लों, वानर-भालुओं, सबको अपने व्यवहार से आनंदित करने एवं धरा को राक्षस विहीन करने के उपरांत, वनवास की अवधि पूर्ण होने पर, राम अयोध्या लौटे। अयोध्या में खुशियां मनाई गईं। भरत ने गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से तत्काल राम राज्याभिषेक का आयोजन किया। सर्वप्रथम गुरु वशिष्ठ ने राम का राजतिलक किया। तत्पश्चात अन्य विप्र जनों ने तिलक किया। श्री राम कथा व्यास पं० विनोद मालवीय ने रामराज्याभिषेक के अवसर पर अत्यंत सुंदर भजन, राजा बने हैं रघुरइया अवधपुर बाजे बधइया. गाकर श्रोताओं को राम रंग में सराबोर कर दिया।

राम राज्याभिषेक कार्यक्रम में महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता सम्मिलित हुए। पूर्व ग्राम प्रधान शिव शंकर दीक्षित एवं बी एल एकडमी के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने उनका माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मान किया। महापौर प्रयागराज ने समिति को उनके इस पुण्य कार्य के लिए बधाई दी एवं नगर वासियों को राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उन्होंने यमुना पार के पत्रकार बंधुओ एवं कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला को अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व ग्राम प्रधान शिव शंकर दीक्षित, बी एल एकडमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, समर बहादुर सिंह, सुभाष प्रधान, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, पार्षद मयंक यादव, ज्ञानेश्वर शुक्ला, राजन शुक्ला, अवधेश पांडेय, अनिल विश्वकर्मा, शालिनी त्रिपाठी, अलका विश्वकर्मा, मंजू प्रधान, आस्था पांडेय, रमेश नेगी, शिवकुमार पाठक, पंकज मिश्रा, हरि शंकर मिश्रा, अतुल सिंह, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, मिहिर सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा, नयन कुशवाहा, धीरू यादव, डॉ ओ पी पांडेय, श्री प्रकाश शुक्ला, सुनीता चड्ढा, प्रमोदानंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# असिस्टेंट फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण से ग्रामीण महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : कृष्णा चट्टोपाध्याय

**मेजा ऊर्जा निगम ने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु क्रिस्प भोपाल की मदद से 20 ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों को असिस्टेंट फैशन डिजाइनर प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 का किया शुभारंभ**

**अखंड भारत संदेश**



असिस्टेंट फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग करती ग्रामीण महिलाएं एवं युवतियां

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत गुरुवार को कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए अपराजिता महिला समाज द्वारा क्रिस्प भोपाल के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं एवं युवतियों के लिए असिस्टेंट फैशन डिजाइनर प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत कुल 20 महिलाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निगम की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा चट्टोपाध्याय अध्यक्षा अपराजिता महिला समाज अन्य माननीय सदस्य एवं एमयूएनपीएल सीएसआर टीम ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान क्रिस्प प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण की रूपरेखा मॉड्यूल और कौशल आधारित पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। श्रीमती कृष्णा चट्टोपाध्याय ने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए स्थानीय रोजगार के अवसरों को मजबूत करता है। उन्होंने आगे कहा कि फैशन डिजाइनिंग जैसे कौशल आजीविका के नए अवसर प्रदान कर महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं। श्रीमती चट्टोपाध्याय ने बताया कि तीन माह के इस प्रशिक्षण में कटिंग स्टिचिंग डिजाइनिंग, एम्ब्रॉयडरी, मार्केट लिंकेज और उद्यमिता विकास से संबंधित व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिला प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे व्यावसायिक प्रशिक्षण से उन्हें नए रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे अपने परिवार एवं समाज में सकारात्मक योगदान दे सकेंगी।

गौरतलब है कि मेजा ऊर्जा निगम का यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल भारत कुशल भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटहा की छात्राओं ने बीईओ उरुवा को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए दिया प्रशंसा पत्र



बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा को प्रशंसा पत्र देती उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटहा की छात्राएं

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटहा की छात्राओं द्वारा बीते 19 नवंबर खंड शिक्षाधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा को प्रशंसा पत्र देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। छात्राओं ने यह प्रशंसा पत्र खंड शिक्षाधिकारी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया है। इस मौके पर छात्रा माही, राधा, प्राची और नूर अफ़्शा आदि के अलावा शिक्षिका सुनीता सिंह,आरती मिश्रा और मीना मंच के कई अन्य सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एसडीएम कोरांव ने कई बी एल ओ के विरुद्ध किया कार्यवाही

**कोरांव।** उप जिलाधिकारी कोरांव संदीप तिवारी ने लापरवाह और निरंकुश बूथ लेबल अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। इसके पूर्व भी एक लेखपाल को निलंबित किया गया है। बता दें कि एसडीएम श्री तिवारी ने बेरी स्थित बूथ में तैनात शिक्षा मित्र कैलाशनाथ को निर्वाचन कार्यों में रुचि न लेने लोगों को भ्रामक भ्रम फैलाने लापरवाही के आरोप में खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव को तत्काल विभागीय कार्यवाही का आदेश दिया है। इसी तरह बूथ संख्या 328और 329 पर क्रमशः निर्मला देवी एवं प्रभावती आंगन बाड़ी कार्यकर्ता को लापरवाही के आरोप में बाल विकास परियोजना अधिकारी कोरांव की विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए साथ ही राकेश कुमार केशवानी सहायक अध्यापक जो बूथ संख्या 312 के बीएलओ थे निरंतर रुचि न लेने एवं संपर्क से बाहर रहने के आरोप में एबीएस कोरांव को कार्यवाही का आदेश देते हुए सभी के विरुद्ध कार्यवाही की सूचना एडीएम प्रसासन प्रयागराज को सूचित किया।

# दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विधायक प्रतियोगिता में सोरांव बालीवाल टीम चैंपियन

**अखंड भारत संदेश**



प्रतियोगिता में सोरांव बालीवाल चैंपियन टीम को ट्राफी देती स्कूल की प्रबंधक डा स्वतंत्र मिश्रा

**मेजा।** दुर्गावती इंटरनेशन स्कूल एंड कॉलेज गोशौरा कला में गुरुवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, जूडो और फुटबॉल से संबंधित पांच विधाओं में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को तैयार करना है, यह पहल सिर्फ खेल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों के समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी

आधारित है। खिलाड़ी अब मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षण, चोट प्रबंधन कार्यक्रम और पोषण संबंधी सलाह भी प्राप्त करेंगे। प्रतियोगिता के क्रम में 200 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग पुरुष में इमरान अली एवं सीनियर वर्ग दौड़ में विशाल कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि 200 मीटर दौड़ में सीनियर वर्ग महिला में आंचल सोनकर तथा 400 मीटर में स्वाती प्रथम स्थान और बालक वर्ग में 400 मीटर सीनियर वर्ग में रितेश कुशवाहा प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में जुनियर बालिका कबड्डी टीम में गीता क्लब मांडा विजेता तथा सुहानी पटेल क्लब उपविजेता रही। वॉलीबाल जूनियर व सीनियर वर्ग में सोरांव यूथ क्लब विजेता तथा उचडीह उपविजेता रही। विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर राणा सेठ, पुष्कर त्रिपाठी,संयोजक लोक सभा यमुनापार प्रकाश प्रचंड शुक्ल, जगत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष शैलेश पांडेय, अमरेश तिवारी, मुकेश शुक्ल, चंद्रशेखर, अर्जुन सिंह, स्कूल की प्रबंधक श्रीमती डा स्वतंत्र मिश्रा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संतोष सिंह, श्रीमती देवांशिका सिंह, अजय पटेल, लुक्ष्मी तथा पीआरडी जवान आदि के अलावा तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के महासचिव आरपी शुक्ला, बार एसोसिएशन मेजा के पूर्व अध्यक्ष तुलसीदास तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा व भाजपा नेता दिलीप शुक्ला ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण व प्रशिक्षु छात्रों से किया संवाद

मदरसे के निरीक्षण में कमियां मिलने पर महिला आयोग की सदस्य ने व्यक्त की नाराजगी, श्रीराम बालिका इण्टर कालेज में छात्राओं को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश






**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा जनपद में डा0 सोने लाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य उपस्थित नहीं थे जबकि पूर्व में मेडिकल कालेज के निरीक्षण की सूचना उन्हें थी जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रधानाचार्य से फोन से वार्ता की तो बताया गया कि किसी आवश्यक कार्य में व्यस्त हूॅ मैं पहुॅच नहीं संकूगा। मेडिकल कालेज में उन्होने शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को मिलने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वहां हास्टल में रहने वाली छात्राओं से मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली तो बताया गया कि भोजन ठीक मिलता है। मेडिकल कालेज में किचेन का निरीक्षण किया तो पाया गया कि वहां पर प्रतिदिन देने वाले भोजन का मेन्यु नहीं लगा था जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने वहां उप प्रधानाचार्य डा0 रश्मी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन मिलने वाले भोजन का मेन्यू लगाया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त भोजन दिया जाये और उनके स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जाये जिससे उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होने उप प्रधानाचार्य से मेडिकल कालेज में रहने वाले छात्र-छात्रों की संख्या व एक कक्ष में कितनी छात्रायें रहती है आदि के बारे में जानकार ली। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि छात्र-छात्राओं के ठहरने वाले हास्टल में अस्थायी पुलिस चौकी बनी हुई थी जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने पुलिस आरक्षी राकेश प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि अस्थायी पुलिस चौकी को किसी अन्य स्थल पर शिफ्ट करें जिससे छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। मेडिकल कालेज में छात्र-छात्राओं हेतु प्ले ग्राउण्ड नहीं पाया गया जिसके सम्बन्ध में पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया।

निरीक्षण के उपरान्त मेडिकल कालेज के सभागार में महिला आयोग की सदस्य ने प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होने कहां कि मानव सेवा के लिये चिकित्सा शिक्षा सबसे पवित्र मानी जाती है, जब लोग हर जगह से निराश हो जाते है तो उन्हें अन्तिम विश्वास डाक्टरों पर ही होता है, डाक्टर ही धरती के भगवान है जिनके माध्यम से दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुॅचती है। उन्होने प्रशिक्षु छात्र-छात्राओ को प्रेरित करते हुये कहा कि वे पूरी निष्ठा से चिकित्सा शिक्षा ग्रहण करें और भविष्य में देशवासियों को स्वस्थ्य व सक्षम बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। उन्होने यह भी कहा कि आज देश की बेटियॉ हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहीं है और किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होने कहा कि किसी महिला या बेटी के साथ उत्पीड़न हो रहा हो तो वह डरें नहीं बल्कि तत्काल महिला आयोग की अवगत कराये जिससे न्याय दिलाया जा सके। इस दौरान सीएमएस मेडिकल कालेज शैलेन्द्र कुशवाहा, जिला प्रोबेशन अधिकारी राब बाबू विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, मेडिकल कालेज के स्टाफ, भाजपा के रामजी मिश्रा सहित अभय शुक्ला, जया यादव आदि उपस्थित रहे। महिला आयोग की सदस्य द्वारा पल्टन बाजार में गुलशने मदीना मदरसा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मदरसा की स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं, भवन जर्जर पाया गया और साफ-सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं थी जिस पर मौके पर उपस्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र व्यवस्थाओं को सुधारा जाये जिससे यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहीं बच्चियों को अच्छा माहौल मिल सके। मदरसा में अभी तक निरीक्षण पंजिका का रजिस्टर नहीं बना था जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल मौके पर नया निरीक्षण पंजिका रजिस्टर बनाया गया। प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद को निर्देशित किया कि बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जाये और पर्याप्त अध्यापक रखें जाये। इस दौरान मदरसा में शिक्षा ग्रहण कर रही बच्चियों से संवाद भी किया और मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओ को जागरूक भी किया। इसके उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने श्रीराम बालिका इण्टर कालेज में पहुॅचकर मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी जिसका महिला आयोग की सदस्य द्वारा सराहना की गयी। उन्होने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि उनके संवैधानिक अधिकारों, सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सरोज, उप प्रधानाचार्य लालमणि पटेल सहित अभय शुक्ला, जया यादव, अध्यापक-अध्यापिकायें व छात्रायें उपस्थित रही।

## युवक की ससुराल में पिटाई

**पट्टी।** पत्नी की विदाई कराने गए युवक को ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से जमकर मारापीटा और विदाई करने से इनकार कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरेभीखा गांव निवासी मंन्जेश कुमार ने बृहस्पतिवार की दोपहर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह सुबह अपने ससुराल पत्नी की विदाई कराने के लिए महरूपुर गांव गया था। इस दौरान उसके साले ने उसे मां-बहन को गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया और विदाई करने से इनकार कर दिया। पीड़ित युवक ने मामले में नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण करायें : डीएम

### डीएम ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत तहसील सदर के प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर, प्राथमिक विद्यालय रूपापुर व मॉडल प्राथमिक विद्यालय सगरा व तहसील पट्टी के प्राथमिक विद्यालय रूदापुर व पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल गहरीचक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह व उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र भी मौजूद रहे। यह निरीक्षण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित बीएलओ से घर घर जाकर किये जा रहे गणना प्रपत्र वितरण की स्थिति और मतदाताओं से सम्पर्क की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि सभी गणना प्रपत्र शीघ्र वितरित कराएं और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में समुचित जानकारी दें। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना प्रपत्र अवश्य भरें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ के पास मतदाताओं द्वारा जमा किये गये गणना प्रपत्रों का अवलोकन भी किया और कहा कि गणना प्रपत्रों को शुद्ध रूप से भरा जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित कार्य समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएं। डीएम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। इसका लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। यह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे, जिन्हें मतदाताओं द्वारा भरकर पुनः बीएलओ को सौंपा जाना है।

## एक दिवसीस प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



**प्रतापगढ़।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को साकार करने की दिशा में इन्दिरा गांधी सहकारी प्रबन्ध संस्थान लखनऊ के तत्वावाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रतापगढ़ के सभागार में किया गया। इसका उद्देश्य नवगठित एम पैक्स के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले सभी नवगठित एम पैक्स के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर, व्यवसायिक रूप से सशक्त एवं प्रशासनिक रूप से दक्ष बनाना है। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया, उन्होंने अपने सम्बोधन में सहकारिता की मूल भावना, सामाजिक महत्व एवं स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए समितियों द्वारा नवाचार एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने के महत्व को बताया। विभागीय मार्गदर्शन एवं वित्तीय परामर्श कार्यक्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक देवेन्द्र बर्मन द्वारा समिति के पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं सदस्य सहभागिता के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। जिला सहकारी बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी नन्द किशोर द्वारा समितियों वित्तीय प्रबन्धन, ऋण सुविधा, व्यवसायिक पूँजी निवेश एवं बैंकिंग सहयोग योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संयोजक अभिषेक तिवारी ने सभी अधिकारियों, प्रतिभागियों एवं संस्थान के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# अधिवक्ताओं के अधिकार व सम्मान की सुरक्षा का लिया गया सामूहिक संकल्प

### यूपी बार कौंसिल के प्रत्याशी अनिल महेश के प्रधान चुनावी कार्यालय के उद्घाटन में उमड़ा वकीलों का सैलाब

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** उत्तर प्रदेश में बार कौंसिल के चुनाव को लेकर प्रतापगढ़ की लालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश के चुनाव प्रचार अभियान में वकीलों का गुरुवार को भारी जोश दिखा। तहसील के समीप जोश व उत्साह के माहौल में अनिल तिवारी के प्रधान चुनाव संपर्क कार्यालय का उद्घाटन हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की विशिष्ट मौजूदगी व युवा अधिवक्ताओं का जोश समारोह का खासा आकर्षण दिखा। आल इंण्डिया रुरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल , वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी यादव, के बी सिंह, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, मो ईशा, कमलेश त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। बार कौंसिल प्रत्याशी अनिल तिवारी महेश ने अधिवक्ताओं के अटूट समर्थन का आभार जताया। रुरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर अनिल महेश के संघर्ष को सराहा। इसके बाद वकीलों का हूजूम अनिल महेश की अगुवाई में कार्यालय से अधिवक्ता सुरक्षा मार्च को लेकर निकला। तहसील गेट पर वकीलों ने अनिल महेश को फूल व मालाओं से लादकर गर्मजोशी से स्वागत किया। संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। वहीं रूरल बार एसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व राष्ट्रीय महासचिव अनिल महेश प्रतापगढ़ में वकील परिषद् के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

## न्यूज झरोखा

### विवाहिता को घर से भगाया, एसपी के आदेश पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** डेढ़ वर्ष पूर्व हुई शादी के बाद ससुराल वाले विवाहिता से दो लाख रुपए नगद तथा बाइक की मांग करने लगे, मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। विवाहिता ने मामले की शिकायत एसपी से की। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कंधई थाना क्षेत्र के ईशनपुर निवासी दिलीप सिंह की बेटी ममता सिंह ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी शादी कोतवाली देहात क्षेत्र के कटकावली निवासी हनुमान सिंह के बेटे शैलेन्द्र सिंह के साथ हुई थी।शादी के कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने दहेज में दो लाख रुपए व बुलेट बाइक की मांग करने लगे। दहेज में मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित भी करते रहे।मार्च महीने में जेवरात आदि लेकर घर भगा दिया।पीड़िता ने इस मामले में 13 नवम्बर को कंधई पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की। बुधवार को एसपी के आदेश पर कंधई पुलिस ने ममता सिंह की तहरीर पर पति शैलेन्द्र सिंह, ससुर हनुमान सिंह, देवर अंकित सिंह, सास किरन सिंह, ननद शालिनी सिंह उर्फ शालू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है ।

### सरेराह पुलिस ने युवक को पीटा, हालत गंभीर, सोशाल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियों



**पट्टी।** कंधई थाना निवासी युवक ने मुख्यमंत्री सहित अन्य को शिकायती पत्र देकर पुलिस द्वारा उसके भाई की बुरी तरह से पिटाई करने व उसके भांजे की चार दिन से थाने में बैठाने का आरोप लगाया है। पिटाई का एक वीडियों (अखंड भारत संदेश ऐसे किसी भी वीडियों की पुष्टि नही करता है) सोशाल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कंधई थाना क्षेत्र के रामपुर कांपा गांव निवासी जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र रामकुमार ने शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि उसकी बहन का विवाह कोठियाही रतनमई में हुआ है। उसके भांजे के ऊपर किसी लडकी को भगा ले जाने का आरोप है। इसी मामले को लेकर उसके भाई धर्मेन्द्र कुमार यादव को पुलिस उठा ले गई। युवक का आरोप है कि पुलिस द्वारा उसके भाई को बुरी तरह से पीटा गया हे। जिससे उसके भाई को गंभीर चोटें आई। उसके बाद दिलीपुर पुलिस उसके छोटे भांजे को उठाकर ले गई और चार दिनों से थाने पर बैठाये रखने के साथ ही उसकी भी पिटाई की गई है। साथ ही पुलिस द्वारा फोन पर उसके साथ गाली-गलौज करने के साथ ही उसको फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिससे युवक का पूरा परिवार डरा सहमा है। युवक ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### तीन पर रंगदारी की मांग को लेकर दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** रंगदारी की बकाया रकम देने से मना करने पर आरोपियों ने धक्का मुक्की करते हुए गाली व जानलेवा धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। लालगंज कोतवाली के अमावा निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 18 नवंबर को दोपहर करीब तीन बजे वह अपने खेत में चारों ओर जाली लगवा रहा था।आरोप है कि इसी बीच दस लाख रंगदारी की मांग को लेकर गांव के चंद्रभान सिंह, चंद्रेश सिंह पुत्रगण शंभू शरण सिंह, शिवम सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह गाली व धमकी देते हुए धक्का मुक्की करने लगे। पीड़ित ने भागकर किसी तरह जान बचाई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों को वह तीन लाख 20 हजार पूर्व में दे भी चुका है। लेकिन 10 लाख में शेष रंगदारी के पैसा मांग रहे थे। असमर्थता जताने पर घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी का कहना है कि तीन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### आज स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात सौपेगें सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** सांसद एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शुक्रवार को बारह बजे सांगीपुर आयेगें। वह यहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स - रे समेत स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात सौपेगें। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में डेढ़ बजे सेमरा में आयोजित राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में शामिल होगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है ।

### ससुर, सास समेत तीन आरोपियों पर मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने ससुर सास समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।उदयपुर थाना क्षेत्र के दलापट्टी गांव की सुमन पत्नी लल्लू सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 19 नवंबर की सुबह उसके ससुर नन्हे लाल, सास राजकली व मानबाबू उसके पति को घर से निकाले को लेकर मारने पीटने लगे। बचाव में पहुंची पीड़िता को भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद उदयपुर पुलिस ने ससुर समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### समाचार पत्र विक्रेता ने दी तहरीर

**लालगंज।** नशे में धुत दबंग आरोपित समाचार पत्र विक्रेता को गाली व जानलेवा धमकी दे रहे हैं। परेशान पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे शिवदत्त तिवारी रेहुवा लालगंज निवासी माता प्रसाद तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह प्रतिदिन समाचार पत्रों का सुबह घर घर पहुंचा कर विक्रय करता है।पीड़ित का आरोप है कि गांव के तीन युवक शराब पीकर आए दिन शाम को दरवाजे पर आकर अश्लील हरकत करते हुए हंगामा करते हैं। जिससे घर की महिलाओं का निकलना दुश्वार हो गया है। आरोपियों को मना करने पर लाठी डंडा लेकर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।पीड़ित का यह भी आरोप है कि सुबह समाचार पत्र विक्रय को निकलने के दौरान रास्ते में जबरन रोककर गालियां व धमकी भी देते हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

### ससुर ने विधवा बहू को पीटकर किया घायल

**पट्टी।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के (जजनीपुर) उडैय़ाडीह निवासिनी नीता मिश्रा पत्नी स्वर्गीय जटाशंकर ने बृहस्पतिवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन का हिस्सा मांगने के लिए ससुर से बात करने के लिए गई हुई थी। इस दौरान ससुर ने उसे मां-बहन की गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पीटने लगा जिससे वह घायल हो गई। मामले में ससुर के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित महिला ने कार्रवाई की मांग की है।

## ताला तोड़कर हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात उड़ा ले गए चोर



**प्रतापगढ़।** अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसकर हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात उड़ा ले गए। फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर जांच के लिए आवश्यक नमूने जुटाए। उदयपुर थाना क्षेत्र के दलापट्टी बैजलपुर गांव निवासी विनय कुमार सिंह पुत्र विजय जीत सिंह एलआईसी एजेंट हैं।पीड़ित विनय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह बुधवार की रात परिवार के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रहा था। इसी बीच अज्ञात चोर घर के पीछे से छत पर चढ़कर अंदर दाखिल हो गए। कटर से ताला काटकर कमरे में घुस गए। अलमारी का लाक तोड़ डाला और उसमें रखी 75 हजार की नकदी तथा परिवार के लाखों रुपए का जेवरात चुरा ले गए। गुरुवार की सुबह कमरे में बिखरा सामान देख स्वजन अवाक रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने आवश्यक नमूने जुटाए। पीड़ित विनय ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच की जा रही है। शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जायेगा।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने ली पद गोपनीयता की शपथ

### बार बेंच के साथ सोसाइटी में भी अधिवक्ताओं को बनायें रखना चाहिए सामंजस : न्यायमूर्ति

अखंड भारत संदेश






**प्रतापगढ़।** हमें अपनी गरिमा व संस्कारों को बनाए रखना चाहिए, बार और बेंच में सामंजस बनाए रखने के साथ ही हमें अपनी सोसाइटी में भी सामंजस बनाए रखना चाहिए। वकील को अच्छे से तैयारियां कर अदालत में अपनी बहस करनी चाहिए,वकील में आवाज ना हो वह वकील किस काम का। उक्त बातें गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित वकील परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए उच्च न्यायालय इलाहाबाद की न्यायमूर्ति जिले की प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्रीमती मंजू रानी चौहान ने कहा। उन्होंने कहा कि हम एक टीम है,हमें एक टीम भावना से कार्य करना चाहिए और संवाद की स्थिति बनाए रखना चाहिए।प्रतापगढ़ की अच्छी बात यह है कि यहां पुराने व नये सदस्य मिलकर काम करते हैं। हमें संस्कार प्रतापगढ़ में देखने को मिला है। न्यायमूर्ति ने कहा कि प्रतापगढ़ का नाम क्यों बदनाम है मुझे आज तक समझ में नहीं आया ? किंतु यहां के लिए एक कहावत ₹ना 100 पढ़ा ना एक प्रताप गढ़ा₹ विख्यात है। उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों के प्रति जो प्रतापगढ़ का भय है उसे खत्म करने की कोशिश करना चाहिए।इसके पूर्व न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने परिषद के विजयी हुए सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पांडेय ने आशा जताते हुए कहा कि नई टीम हमें पूरा सहयोग न्यायपालिका को चलाने में करेंगी। उन्होंने कहा कि वकील जब भी मेरे अथवा किसी के समक्ष अपनी बात रखें तो उसके चेहरे पर प्रसन्नता व खुशी का भाव नजर आना चाहिए। इस मौके पर डीएम शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि लोकतंत्र का आधार विधि का शासन है, बार और बेंच न्यायपालिका के दो पहिए हैं,इन्हें अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमें इस बिंदु पर विचार करना चाहिए कि वर्तमान समय में महत्वपूर्ण संस्थानों में अब अधिवक्ता की भूमिका न के बराबर हो चुकी है ऐसा क्यों ?। इस मौके पर एसपी दीपक भूकर ने कहा कि हमें यहां पर अधिवक्ता का पूरा सहयोग मिलता है और हमारी तरफ से भी अधिवक्ता का सहयोग रहेगा। हम न्यायपालिका की मदद एक कदम और आगे बढ़कर करेंगे। इसके पूर्व वकील परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष इन्दु भाल मिश्र,उपाध्यक्ष राम अवध मौर्य, मंत्री आशीष पांडे,संयुक्त मंत्री रंजय मिश्र,राजकुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष विष्णु प्रकाश पांडेय, पुस्तकालय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद पांडेय,ऑडिटर अजय तिवारी के साथ कार्यकारिणी सदस्य चिंतामणि पांडेय,सुरेश नारायण तिवारी,विजय नाथ पांडेय,राजेश्वर प्रसाद तिवारी, ओमप्रकाश गिरी,अवधेश ओझा,राम प्रकाश त्रिपाठी, उमेश पांडेय को प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्रीमती मंजू रानी चौहान ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।समारोह को प्रमुख रूप से जिला जज एमएसीपी विजय कुमार,सीजेएम कुमुद उपाध्याय,वरिष्ठ अधिवक्ता रामसेवक त्रिपाठी, वर्तमान अध्यक्ष वकील परिषद इन्दुभाल मिश्र,चुनाव आयुक्त देवेंद्र ओझा वह अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वारिष्ठ अधिवक्ता देवानंद त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर अपर जनपद न्यायाधीश अजय कुमार,रामलाल व अधिवक्ताओं में विजय शंकर त्रिपाठी, विनोद पांडेय,घनश्याम पांडेय, गिरीश मिश्रा,विवेक त्रिपाठी, परमानंद मिश्रा, प्रदीप चित्राशी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सर्राफा व्यापारी से दिनदहाड़े मारपीट कर दस लाख के गहने की लूट से हड़कंप

## 24 घंटे बीते नहीं लगा सुराग जांच में जुटी पुलिस



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सर्राफ व्यापारी से दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई। बदमाश 4 किलो चांदी और 23 ग्राम सोना लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया सराय अकिल थाना क्षेत्र के निवासी अंशु सोनी पुत्र शिवमूरत सोनी इसीपुर में सर्राफ की दुकान करते हैं। बुधवार शाम करीब 5 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे,जैसे ही वह सरैया पुल के पास पहुंचे एक सफेद रंग की बोलेरो ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। वाहन में सवार 5-6 युवकों ने अंशु सोनी के साथ मारपीट की और उनके कंधे पर टंगा हुआ बैग छीनकर सराय अकिल की तरफ तेज रफ्तार से फरार हो गए। अंशु सोनी ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का पीछा किया और पटेल चौराहा के पास उनकी बोलेरो को रोकने की कोशिश की। उन्होंने गाड़ी के शीशे पर मुक्का भी मारा। हालांकि, बदमाशों ने उन्हें गाड़ी से धक्का देकर गिरा दिया और प्रयागराज की ओर भाग निकले।पीड़ित अंशु सोनी के मुताबिक, लूटे गए बैग में 4 किलो चांदी और 23 ग्राम सोना था।जिसे बोलेरो गड़ाई सवार बदमाश लूट कर फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही बुधवार देर रात 10 बजे रडऋ टीम और सीओ चायल अभिषेक सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और बदमाशों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दीं।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस वारदात से सरार्फा व्यापारियों में आक्रोश और भय का माहौल है।

## एसपी से मिले राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के पदाधिकारी



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भगवतीगंज निवासी स्वर्णकार अंशु सोनी पुत्र शिव मूरत सोनी दुकान बंद करके 19 नवंबर की शाम 5:00 बजे अपने घर जा रहे थे रास्ते में बोलेरो सवार बदमाशों ने उन्हें रोक कर मारपीट कर पिस्तौल सटाकर सोना चांदी से भरा बैग छीन लिया इस बैग में व्यापारी का लगभग 4 किलो चांदी और 25 ग्राम सोना मौजूद था लूट की घटना के बाद व्यापारी ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है लेकिन घटना को 24 घंटे बीत जाने के बाद खुलासा नहीं हुआ है लूट गया सोना चांदी बरामद नहीं हुआ है जिस पर राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश सोनी आशीष सहित कई पदाधिकारी पीड़ित परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक से मिले हैं और लूटे गए सोना चांदी को बरामद कर लुटेरों की गिरफ्तारी की मांग की है उन्होंने कहा कि महंगाई के चलते एक तरफ सोने चांदी का व्यापार करने वाले व्यापारी परेशान है दूसरी लूट की घटनाएं होने से व्यापारियों को मुसीबत और बढ़ गई है उन्होंने कहा कि जिले से लेकर देश प्रदेश तक लूट की घटनाएं बंद हो और लुटेरों पर कठोर कार्रवाई हो उन्होंने मांग की है कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरों पर हाफ काउंटर की कार्रवाई की जाए पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा और लूट के आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## मुठभेड़ में पांचों शातिर बदमाश गिरफ्तार

### 24 घंटे के अंदर लूट का खुलासा

● पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों के पैर में लगी गोली

**भारी बरामदगी की टीम ने क्रैक डाउन कर ली सफलता**

**तिल्हापुर कौशांबी।** बदमाशों के पास से लूटा हुआ सामान बरामद हुआ पूरा सामान व बैग, बोलेरो वाहन,3 अवैध तमंचे,6 जिंदा कारतूस,7 खोखा,2230 रुपए नगद बरामद करते हुए घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर साक्ष्य सुरक्षित किए गए।



**तिल्हापुर कौशाम्बी।** जब से कौशाम्बी जिले की कमान पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार जैसे तेजतर्रार, दृढ़ और अपराधियों के लिए खौफ का नाम माने जाने वाले अधिकारी के हाथों में हुई तब कोई भी अपराधी जिले की सीमा पार करना तो दूर सोच भी नहीं सकता। सुनार से हुई लूट की इस वारदात में एसपी की रणनीति इतनी सूक्ष्म, तेज और प्रभावी थी कि अपराधियों के पास भागने का रास्ता ही नहीं बचा। वारदात और उसके तुरंत बाद एसपी की एक्शन मोड एंट्री हुई दिनांक 19-11-2025 को भगौतीगंज निवासी सुनार अंशु सोनी से बिन्नई मोड़ पर बोलेरो सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर सोने चांदी के जेवरों से भरा बैग लूट लिया। वारदात की सूचना मिलते ही एसपी राजेश कुमार ने सबसे पहले जिले की सारी सीमाएं सील कराई फिर एसओजी सर्विलांस,थाने सभी को एक ही कमांड में जोड़ा ओर खुद मॉनिटरिंग संभाली अपराधियों की गतिविधियों को मिनट दर मिनट ट्रैक कराया यह एसपी की तेज समझ और त्वरित निर्णय क्षमता ही थी कि गैंग 24 घंटे तक सीमा नहीं पार कर सका। एसपी की मास्टर प्लानिंग, सर्च ऑपरेशन ने बदमाशों का चैन छीन लिया एसपी के हाई-अलर्ट आदेश के बाद सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सर्विलांस,मुखबिरों की तैनाती करते हुए गाड़ियों की नाकाबंदी कर बॉर्डर सील के बाद पूरे जिले में ऐसा घेरा बना कि बदमाश चित्रकूट जाने का रास्ता ही नहीं ढूंढ पाए।रढ की प्लानिंग ने बदमाशों को पकड़वा दिया मुखबिर ने सूचना दी कि संदिग्ध बोलेरो जुगराजपुर गांव के आसपास घूम रही है।एसपी के सटीक निर्देश पर सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह,पिपरी थानाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह,एसओजी, सर्विलांस टीम,चौकी प्रभारी तिलहापुर दिलीप सिंह पलक झपकते मौके पर पहुंचीं। बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे, फिर दामिन तलरी तालाब के पास चारों ओर से पुलिस ने घेर लिया। बोलेरो में मौजूद तीन बदमाश पुलिस को देखकर फायरिंग करते हुए अलग अलग दिशा में भागे, लेकिन पुलिस ने बहादुरी से जवाबी फायर किया तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी ,दो बदमाश बोलेरो से ही गिरफ्तार हुए पांचों बदमाश को चंद मिनटों में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई कौशाम्बी पुलिस की सटीक ट्रेनिंग, गजब की टीमवर्क और एसपी राजेश कुमार की प्रखर लीडरशिप का नतीजा है। सभी बदमाशों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि सराय अकिल के सुनार से वही पाँचों ने लूट की थी। उन्होंने यह भी माना कि एसपी की कड़ी चेकिंग के कारण वे सीमा पार नहीं कर सके।

## कांग्रेस के छह पदाधिकारियो ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**कौशांबी।** कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से रहे छह पदाधिकारियो ने अपनी निजी समस्या के चलते आज अपना पद छोड़ दिया है पार्टी में पद छोड़ने वाले नेताओं ने कहा कि अपनी निजी समस्या के चलते वह कांग्रेस पार्टी को समय नहीं दे पाते हैं जिसके चलते वह पद पर नहीं रहना चाहते हैं पार्टी का कोई नुकसान ना हो इसलिए वह कांग्रेस पार्टी से अपने पद को छोड़ रहे हैं और पद छोड़ने की सूचना जिला अध्यक्ष कौशांबी को दे दिया है कांग्रेस पार्टी से पद छोड़ने वाले लोगों में पार्टी के जिला महासचिव बरसाती लाल पांडा जिला महासचिव नसीमुद्दीन जिला महासचिव संतोष शुक्ला वा जिला सचिव बालेंद्र यादव जिला सचिव रामबाबू गौतम जिला सचिव आसिफ अल्वी शामिल है उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताई और कहा कि वह कांग्रेस पार्टी में सदस्य के रूप में रहकर कार्य करते रहेंगे।

## पत्नी से विवाद में बाद युवक ने फांसी के फंदे से झूलकर दे दी जान

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के कौशांबी थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है। कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बैगवा गांव निवासी 28 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार मुंबई में कपड़े सिलाई का काम करता था। वह पिछले महीने दीपावली पर अपने गांव आया था।गांव आने के बाद उसे जानकारी मिली कि उसकी पत्नी लक्ष्मी का उसके मायके भैला गुवारा गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी बात को लेकर अनिल और उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था बुधवार देर शाम भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इससे नाराज अनिल कुमार अपने कमरे में गया और फांसी लगा ली।परिजनों को घटना की जानकारी होने पर वे अनिल को तत्काल उपचार के लिए मंझनपुर स्थित मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है।

## यूपीएससी की तैयारी के बेहतर रणनीति विषय पर भवंस मेहता डिग्री कालेज में सेमिनार आयोजित

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशांबी** भवंस मेहता डिग्री कॉलेज भरवारी में दृष्टि आईएएस द्वारा यूपीएससी की तैयारी की बेहतर रणनीति विषय पर गुरुवार को सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता एवं दृष्टि आईएएस के प्रसिद्ध शिक्षक अख्तर मलिक एवं भवंस मेहता डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव, और कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर आदिल ने भाग लिया।विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए बदलते पैटर्न और मांग को समझना आवश्यक है। हिंदी माध्यम को आगे बढ़ाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण तरीके हैं, जैसे कि हिंदी में अध्ययन सामग्री का उपयोग करना और हिंदी में उत्तर लिखने का अभ्यास करना। प्रिलिम्स और मेन्स प्रश्नों का विश्लेषण करना आवश्यक है ताकि आप परीक्षा के पैटर्न को समझ सकें। आसपास की घटनाओं से प्रश्न पूछे जाने की संभावना है, इसलिए आपको वर्तमान घटनाओं के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू करने का सही समय क्या है, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित अध्ययन करना आवश्यक है ताकि आप परीक्षा के लिए तैयार हो सकें। वर्तमान घटनाओं के बारे में जानकारी रखनी चाहिए ताकि आप परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। हिंदी में उत्तर लिखने का अभ्यास करना आवश्यक है ताकि आप परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। सिविल सर्विसेज की तैयारी में दृष्टि आईएएस एक बेहतर संस्थान है जो तैयारी के लिए एक बेहतर विकल्प है, जो आपको सिविल सेवा परीक्षा के लिए तैयार करने में मदद कर सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को इस तरह के प्रोग्राम भविष्य में फिर से कराने का आश्वासन दिया ताकि कौशांबी से अधिक से अधिक बच्चे सिविल सेवा में सफल हो सके।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 378/12 धारा 323/325/504 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बुधई उर्फ रोशन लाल चमार पुत्र ग्राम बड़हरी थाना पश्चिम शरीरा व मु0अ0सं0 149/20 धारा 306/504 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त नन्दा पुत्र दुज्जी नि0 पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन 01 दिसम्बर तक

**कौशांबी।** अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियाँ ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के लिए वेबसाईट पर दिनांक 01 दिसम्बर 2025 तक इच्छुक युवक युवती ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने देते हुए बताया कि आवेदन करने के उपरान्त आनलाइन भरे गये आवेदन की प्रिन्ट आउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुए समस्त अभिलेखों सहित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन में दिनांक 01 दिसम्बर, 2025 तक जमा करें।

## मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को और न्यूनतम किया जाए : डीएम

अखंड भारत संदेश

**जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक**

**सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश**




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में आज उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाय। शौचालय एवं बेडशीट साफ रहें। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखी जाय। मरीजों एवं परिजनों के साथ विनम्र व्यवहार किया जाय। उन्होने गत बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा के दौरान ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आशाओं के सम्बन्ध में सही जानकारी न देने पर डी.सी.पी.एम. का वेतन रोकने एवं चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा वी.एच.एस.एन.डी. सेशन के भ्रमण के दौरान पायी गई कमियों को दूर करा दिया जाय तथा सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय। जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा, सिराथू, कनैली व मूरतगंज में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित टीकाकरण में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू, कनैली व नेवादा से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उन्होने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू, कनैली व सरसवां से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देकर प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. पंजीकरण एवं सभी ए.एन.सी. जॉच पर विशेष ध्यान दिया जाय जिलाधिकारी ने मातृ-मृत्यु एंव आडिट की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को और न्यूनतम किया जाय। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले सी.एच.ओ. के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। उन्होने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि सैम एवं मैम बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराया जाय एवं फॉलो-अप भी किया जाय। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि कार्ययोजना बनाकर कैम्प लगाकर पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, सीएमओ डॉ. संजय कुमार एवं सी.एम.एस. एस.के. शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### हरी झंडी दिखाकर 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभागियों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया रवाना



**कौशांबी।** जिला मुख्य आयुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार के आदेश एवं राम सुंदर सिंह जिला सचिव के निर्देशन में जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू के नेतृत्व में जनपद कौशाम्बी से एम बी कॉन्वेंट ओसा 19स्काउट एवं 11गाइड, श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा 03 स्काउट, मानसिंह इंटर कॉलेज अलीपुर जीता 03 स्काउट एवं 03 गाइड, टीआरएस सराय अकिल कौशांबी 08 स्काउट 03 गाइड ,देशबंधु इंटर कॉलेज बैशकांटी 04स्काउट 02गाइड, धर्मा देवी इंटर कॉलेज केंनकनवार 7 स्काउट, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भरवारी 10 गाइड सब एक आउट पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिराथू 5 स्काउट कुल50 स्काउट 29 गाइड एवं 9 यूनिट लीडर के नेतृत्व में 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभागिता हेतु मण्डल कंटिजेंट लीडर श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट, जिला कंटिजेंट लीडर कुलदीप कुमार स्काउट, प्रेम लता वर्मा गाइड, यूनिट लीडर मनीष कुमार,अभय सिंह, ललित कुमार, नम्रता विश्वकर्मा, कल्पना त्रिपाठी, तनु अग्रहरि आदि को एम वी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज ओसा मंझनपुर से जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार व जिला सचिव राम सुंदर सिंह, जिला माध्यमिक खेल सचिव श्याम लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### शोषण के विरूद्ध बच्चों के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन



**कौशांबी।** जनपद न्यायाधीश जे०पी० यादव के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में डी०पी० मेमोरियल पब्लिक स्कूल, करन चौराहा सरांय अकिल में शोषण के विरूद्ध अधिकार पॉश एक्ट व बच्चों के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने बच्चों को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान सहित अन्य विधियों व कानूनों, बाल अधिकारों और शोषण के विरूद्ध प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल अधिकारों के हनन व बच्चों के शोषण से उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से गहरी चोट पहुंचती है, जिससे न केवल उनका स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास प्रभावित होता है, अपितु सीखने की क्षमता भी प्रभावित होती है। तहसीलदार चायल पुष्पेन्द्र गौतम ने शोषण के खिलाफ अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार अधिवेशन किशोर न्याय अधिनियम और राष्ट्रीय बाल नीति आदि के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक बच्चों को बालक माना गया है। बच्चों को मारना, चिढ़ाना, मजाक करना एवं मजदूरी करवाना उनके साथ क्षल करना आदि जैसे कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। मिशन शक्ति केन्द्र से उप निरीक्षक यशवंती ने बच्चों को इन्टरनेट व सोशल मीडिया से दूर रहने और सूरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में अधिवक्ता अतुल योगी एव पी०एल०वी० अमरदीप सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## घटतौली का शिकार हो रहे कार्डधारक पूर्ति विभाग बना तमाशबीन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सरकार द्वारा गरीबों को दी जाने वाली सरकारी राशन सामग्री पर विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता से कोटेदार डाका डाल रहे हैं पूरे जिले में घटतौली का खेल कोटा की दुकान में खुलेआम हो रहा है शिकायत के बाद अधिकारी केवल तमाशा देखने तक सीमित रह गए है जिससे गरीब कमजोर लोगों को पूरा राशन नहीं मिल पाता है बचे हुए राशन की कालाबाजारी करके कोटेदार मुनाफा कमा रहे हैं जिससे पूर्ति विभाग के अधिकारी प्रत्येक महीने के वसूली कर रहे हैं बताया जाता है कि 5000 रुपए प्रत्येक कोटेदार से प्रत्येक महीने पूर्ति विभाग के अधिकारी बीते कई वर्षों से वसूली कर रहे हैं आखिर इस वसूली पर रोक कब लगेगी और कोटेदारों की दुकान से वितरण होने वाले राशन की घटतौली पर कब रोक लगाई जाएगी हकीकत जानने के लिए चायल तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में कोटेदार की दुकान की सच्चाई अखंड भारत संदेश समाचार पत्र की टीम ने देखी जहां कोटेदार राशन वितरण के समय खुलेआम राशन कम दे रहा था राशन की तौल में कार्ड धारकों के साथ वह घटतौली कर रहा है कार्ड धारकों को सरकारी राशन कम मिल रहा है लोगों का कहना है कि शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिससे यही प्रतीत हो रहा है कि जिला पूर्ति कार्यालय वसूली में शामिल है पूरे जिले के कोटेदारों से वसूली करने के चलते जिले की राशन वितरण व्यवस्था में मनमानी हो रही है हजारों कार्ड धारक परेशान है योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलने के बजाय वसूली के चलते पूर्ति कार्यालय के अधिकारी योजना का लाभ उठाकर मालामाल हो रहे हैं 40 वर्षों पहले शुरू हुई वसूली अभी तक बंद नहीं हुई कोटेदार से वसूली विभाग की परंपरा बन चुकी है आखिर करोड़ों रुपए महीने की पूर्ति कार्यालय की वसूली पर कब रोक लगाई जाएगी गरीबों को मिलने वाले राशन पर कोटेदारों से वसूली के बाद मालामाल हुए पूर्ति कार्यालय के अधिकारियों की भ्रष्टाचार निवारण संगठन से कब तक जांच होगी पूर्ति विभाग की चौपट व्यवस्था में सुधार करने के बाबत जिले की जनता सरकार से जवाब चाहती है।

## व्यापारी के व्यापार में बाधा मनमानी आरोप लगाकर गैंग के सदस्य कर रहे शोषण ब्लैक मेलिंग

**दाऊद और अतीक की तरह गुंडा टैक्स वसूलने वाले गिरोह का आतंक**

**कौशांबी।** बाहुबली अतीक अहमद और अंतर्राष्ट्रीय अपराधी दाउद अहमद की तरह कौशांबी में भी ब्लैकमेलिंग और शोषण करने वाले अपराधिक गैंग के सदस्यों की जड़ें तेजी से पनप रही है अपराधी माफियाओं की तर्ज पर व्यापारी का शोषण और उनसे ब्लैकमेलिंग का धंधा अपराधिक गैंग के सदस्यों के द्वारा तेजी से बढ़ाया जा रहा है आए दिन किसी न किसी व्यापारी का शोषण कर व्यापारी से धन वसूली गैंग के सदस्य कर लेते हैं गैंग के सदस्यों का आतंक जिले के व्यापारियों पर तेजी से बढ़ता जा रहा है जिससे व्यापारी समुदाय परेशान है लेकिन व्यापारियों की सुनवाई पुलिस भी नहीं कर रही है बल्कि ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह के सदस्यों को पीड़ित बनाकर उनकी तहरीर पर व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है गैंग के सदस्यों का रैकेट बड़ा है और सदस्य विभिन्न प्रकार से व्यापारियों पर झूठा आरोप लगा रहे हैं जिसकी सीडीआर निकाल कर जांच भी पुलिस नहीं कर रही है जिससे व्यापारी समुदाय में आक्रोश व्याप्त है अपराधी और माफियाओं के कारनामों पर पुलिस ने रोक नहीं लगाई तो जिले भर का व्यापारी सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होता दिखाई पड़ रहा है मामले की शिकायत व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से भी की है व्यापारियों को ब्लैकमेल कर उनसे धन वसूली करने वाले गैंग के सदस्यों को पर्दे के ओट से राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है जिससे इन गैंग के सदस्यों पर कठोर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है। भरवारी कस्बे के व्यापारी अमित केसरवानी क्षेत्र के बड़े व्यापारियों में शामिल हैं उनके तमाम व्यापार भरवारी और उनके आसपास संचालित हो रहे हैं अमित केसरवानी के व्यापार में बढ़ती लोकप्रियता से अपराधिक गैंग के सदस्यों ने ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी है व्यापारी को कैसे परेशान किया जाए जिससे वह ब्लैकमेलिंग की रकम देने को तैयार हो जाए कई बार व्यापारी के साथ मारपीट का प्रयास किया जा चुका है गाली गलौज और प्रताड़ना आए दिन व्यापारी के साथ की जाती है कई बार वसूली की रकम भी दबाव बनाकर गैंग के सदस्यों ने व्यापारी से वसूल ली है गैंग में एक दर्जन से अधिक सक्रिय सदस्य बताए जाते हैं जिन्होंने कुछ वर्षों के बीच ब्लैकमेलिंग से अकूत संपत्ति अर्जित की है व्यापारी पेट्रोल टंकी का निर्माण कर रहा है पहले उसके पेट्रोल टंकी के निर्माण में बाधा डाल कर जमीन को नाप के नाम पर उलझा दिया गया है गैंग के सदस्यों की जहां जमीन नहीं है वहां भी पहुंचकर आतंक अत्याचार कर व्यापारी के साथ मारपीट कर रहे हैं जिसका सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है जिससे व्यापारी के पेट्रोल टंकी का निर्माण नहीं हो रहा है अब व्यापारी के बाइक एजेंसी शोरूम में वसूली गैंग के सदस्यों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है बाइक एजेंसी शोरूम में पहुंचकर वहां गाली गलौज किया जा रहा है जिसका सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है बार बार व्यापारी को परेशान किया जा रहा है बाइक एजेंसी में सदस्यों द्वारा गाली गलौज का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद भी व्यापारी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है इतना ही नहीं व्यापारी के बाइक एजेंसी शोरूम में पहुंचकर आतंक अत्याचार करने वाले गैंग के सदस्य व्यापारी पर आरोप लगाकर पुलिस की मदद लेकर व्यापारी पर मुकदमा इसलिए दर्ज कर रहे हैं जिससे व्यापारी उनके दबाव में आ जाए और उनके ब्लैकमेलिंग को स्वीकार का उन्हें नोटों की गड्डी पहुंचा दे व्यापारियों का शोषण और व्यापारियों से धन वसूली करने वाले गैंग के आतंक से व्यापारी परेशान है लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते थाना चौकी पुलिस भी व्यापारी की मदद करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रही है जबकि धन वसूली करने वाले गैंग के सदस्यों के खिलाफ जनपद सहित विभिन्न जनपद के विभिन्न क्षेत्र में पूर्व से विभिन्न गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं जिन पर गुंडा एक्ट गैंगस्टर की कार्रवाई थाना पुलिस को किया जाना चाहिए वह थाना पुलिस के संपर्क में बताए जाते हैं अपराधिक गैंग के सदस्यों पर आखिर राजनीतिक नेताओं की इतनी मेहरबानी क्यों बनी हुई है यह आम जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ब्लैकमेलिंग कर व्यापारियों से धन वसूली करने वाले गैंग पर रोक लगाए जाने की मांग व्यापार मंडल संगठन ने की है।

# सम्पादकीय

## पी के की उलझन भरी राजनीति

**बिहार** विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद इंतजार था कि अब प्रशांत किशोर राजनीति में किस दिशा में बढ़ते हैं। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर पी के ने स्पष्ट कर दिया है कि वे न बिहार छोड़ने वाले हैं, न राजनीति। यह जाहिर भी था। भले ही प्रशांत किशोर ने पहले ऐलान किया हो कि अगर जनता दल (यूनाइटेड) ने चुनाव में 25 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की तो वह राजनीति छोड़ देंगे। लेकिन अब जेडीयू ने पी.के. के दावों से तिगुने से अधिक 85 सीटें जीती हैं। तो सवाल उठने लगे कि क्या अब पी. के. राजनीति को अलविदा कह देंगे। इसका जवाब उन्होंने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में दे दिया कि 'मैं उस बात पर बिल्कुल कायम हूं। अगर नीतीश कुमार की सरकार ने ये वोट नहीं खरीदे हैं, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।' पी.के. की पार्टी ने महिलाओं के खाते में 10 हजार देने को घूस भी बताया है। एक पत्रकार ने उनसे सवाल किया कि 'जब आपने ये बयान दिया था, तब ये शर्तें क्यों नहीं बताई थीं?' इस पर प्रशांत किशोर ने कहा, 'मैं किस पद पर हूं कि इस्तीफा दे दूं? मैंने ये तो नहीं कहा था कि बिहार छोड़कर चले जाऊंगा। मैंने राजनीति छोड़ रखी है, राजनीति कर ही नहीं रहे हैं। लेकिन ये तो नहीं कहा है कि बिहार के लोगों की बात उठाना छोड़ देंगे।' इन बातों से जाहिर है कि प्रशांत किशोर की राजनीति भी उनकी बातों की तरह उलझाने वाली है। जिसमें कोई स्पष्टता नहीं है और कभी भी अपने कहे से पलटने की गुंजाइश है। आखिर मौजूदा दौर में इस तरह के राजनेता ही सफल भी हो रहे हैं। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि 'साढ़े तीन साल पहले वे व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। न तो सत्ता परिवर्तन कर सका और न ही व्यवस्था, लेकिन बिहार की राजनीति को जरूर प्रभावित किया है।'

बिहार की राजनीति को किस आधार पर प्रभावित करने की बात प्रशांत किशोर कह रहे हैं, यह अब भी स्पष्ट नहीं है। क्योंकि प्रभाव पड़ता है, तो जमीन पर दिखता है। फिलहाल तो बिहार में यथास्थिति ही कायम है। ज्यादा से ज्यादा मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के नाम बदल सकते हैं, लेकिन सत्ता पहले भी भाजपा के हाथों में थी और अब तो दोगुनी ताकत के साथ आ चुकी है। शायद प्रशांत किशोर की राजनीति, साढ़े तीन साल पहले की गई उनकी पदयात्रा, बिहार चुनाव में 238 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारने की रणनीति, चुनाव प्रचार में सत्तारुढ़ गठबंधन के साथ-साथ विपक्ष को भी निशाने पर लेना, ये सब भाजपा की दबी-छिपी मदद के ही तरीके थे। भाजपा यह अच्छे से जानती थी कि लोकसभा चुनावों के बाद इंडिया गठबंधन के उठाए मुद्दे जनता को प्रभावित करने लगे हैं। खासकर संविधान बचाने और जातिगत जनगणना, आरक्षण की सीमा बढ़ाने जैसे मुद्दे बिहार में निर्णायक भूमिका अदा कर सकते हैं। इसलिए प्रशांत किशोर को आगे बढ़ाकर इन मुद्दों के बरक्स विकास और वंशवादी राजनीति के खिलाफ नैरेटिव तैयार किया गया। याद कीजिए कि प्रशांत किशोर के भाषणों में लालू प्रसाद के साथ-साथ तेजस्वी यादव पर भी हमला होता था, खासकर उनकी शैक्षणिक योग्यता पर पी. के. हमलावर होते थे। पी.के. की तरह ही असदुद्दीन ओवैसी और मायावती भी महागठबंधन के लिए वोट काटने वाले साबित हुए।

# डिजिटल जीवन को व्यक्तिगत गोपनीयता कायम रखकर नियंत्रित किया जाना चाहिए

– आर. सूर्यमूर्ति

**दुनिया** पहले से ही यह समझने की कोशिश कर रही है कि भारत क्या संकेत दे रहा है। बहस एक ही अपरिहार्य प्रश्न पर आकर रुकती है: क्या भारत सरकार कभी खुद को उन्हीं मानकों पर कायम रखेगी जो वह निजी क्षेत्र पर लागू करती है? यह परीक्षण सैद्धांतिक नहीं है। क्या मंत्रालय लाखों नागरिकों को प्रभावित करने वाले डेटा उल्लंघनों की रिपोर्ट करेंगे?

रत ने आखिरकार अपनी लंबे समय से विलंबित डेटा सुरक्षा व्यवस्था को लागू कर दिया है, और पहली नगर में, यह क्षण एक मील का पत्थर जैसा लगता है - 1.4 अरब लोगों का देश उन देशों की श्रेणी में शामिल हो रहा है जो डिजिटल अधिकारों को गंभीरता से लेते हैं। लेकिन आधिकारिक बयानों, अनुपालन की उल्टी गिनती और सावधानीपूर्वक तैयार की गई बयानबाजी को छोड़ दें, तो कुछ और भी परेशान करने वाले तथ्य सामने आते हैं। नए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 कंपनियों और व्यक्तियों से सख्त, लगभग यूरोपीय स्तर के अनुशासन की मांग करते हैं- जबकि भारत सरकार को जब चाहे कानून को दरकिनार करने का एकतरफा अधिकार देते हैं। यही असली कहानी है। नोटिस या समय सीमा नहीं। मूल तथ्य यह है कि सरकार ने अपने लिए एक ऐसा व्यापक रास्ता बना लिया है जो प्रभावी रूप से राज्य को भारत की अपनी गोपनीयता व्यवस्था की परिधि से बाहर कर देता है।

यूरोपीय संघ का जीडीपीआर सरकारों और निगमों को एक ही मानक पर रखता है, यही वजह है कि यूरोपीय नियामक नियमित रूप से राज्य एजेंसियों और मंत्रालयों को अदालत में घसीटते हैं। चीन का पीआईपीएल, अपनी तमाम सत्तावादी बेरुखी के बावजूद, कम से कम वैचारिक रूप से सुसंगत है: राज्य सभी डिजिटल डेटा पर सर्वोच्च है और इसे खुले तौर पर घोषित करता है। अमेरिका, अपने खंडित क्षेत्रीय क्षेत्रों के साथ, अभी भी उन एजेंसियों पर निर्भर है जो संरचनात्मक रूप से दिन-प्रतिदिन की राजनीतिक सनक से अछूती हैं। इसके विपरीत, भारत ने कुछ अजीबोगरीब नियम बनाया है - एक ऐसा संकर जो यूरोप से सबसे सख्त कॉर्पोरेट दायित्वों, चीन से सबसे व्यापक राज्य छूटों और अमेरिकी कार्यपालिका के व्यापक विवेकाधीन छूट को उधार लेता है। यह एक गोपनीयता मॉडल है जो तीनों प्रणालियों की कमजोरियों को विरासत में लेता है और किसी की भी सुरक्षा नहीं करता।

यह विषमता स्पष्ट है। कंपनियों को 72 घंटों के भीतर एन्क्रिप्ट, अनाम, अस्पष्ट, टोकनाइज और उल्लंघन रिपोर्ट तैयार करनी होती है। उन्हें पूरे एक साल तक एक्सेस लॉग बनाए रखने होंगे, व्यावसायिक निरंतरता योजनाएं बनानी होंगी, उम्र और अभिभावकों की सहमति सत्यापित करनी होगी, सरल भाषा में सूचनाएं जारी करनी होंगी, शिकायत प्रणाली बनाए रखनी होगी, ऑडिट में निवेश करना होगा और कड़े सुरक्षा नियंत्रणों का पालन करना होगा। कागज पर, नागरिकों को अपने डेटा तक पहुंचने, उसे सही करने, उसे मिटाने और सहमति वापस लेने का अधिकार दिया गया है। लेकिन अगर डेटा धारक सरकार है, तो इनमें से किसी की भी गारंटी नहीं है। एक कार्यकारी अधिसूचना- चुपचाप, बिना संसदीय बहस के, बिना न्यायिक समीक्षा के, और बिना किसी प्रकटीकरण दायित्व के- किसी भी सरकारी एजेंसी को कानून के किसी भी मूल प्रावधान से छूट दे सकती है। आधुनिक लोकतंत्र गोपनीयता संरचना का निर्माण इस तरह नहीं करते। यूरोपीय संघ किसी सरकार के लिए व्यक्तिगत डेटा को नियंत्रित करने वाले कानून से खुद को छूट देना अकल्पनीय मानेगा। यहां तक कि चीन




की प्रणाली, जो राज्य को व्यापक अधिकार देती है, कम से कम राज्य की सर्वोच्चता को स्पष्ट और सुसंगत रूप से संहिताबद्ध करती है। भारत कुछ और भी अस्पष्ट करता है: यह अधिकारों और नागरिक सशक्तिकरण की भाषा बोलता है, जबकि साथ ही उन अधिकारों को दरकिनार करने की संप्रभु क्षमता भी रखता है जिनका वह सम्मान करता है।

प्रवर्तन निकाय, भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड, इस असंतुलन को और बढ़ाता है। इसे एक स्वतंत्र प्राधिकरण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन व्यवहार में, यह संरचनात्मक रूप से कार्यपालिका से बंधा हुआ है। इसके सदस्यों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है। इसका वित्त सरकार पर निर्भर करता है। इसे स्वायत्तता की कोई वैधानिक गारंटी नहीं है। भारत का डीपीबीआई एक प्रशासनिक न्यायाधिकरण के सबसे करीब है—एक ऐसा न्यायाधिकरण जिसकी स्वतंत्रता उसी प्राधिकरण की सद्भावना पर निर्भर करती है जिसकी जांच करने की उसे आवश्यकता हो सकती है। इस तरह से डिजाइन किया गया एक नियामक एक प्रति संतुलन के रूप में कार्य नहीं कर सकता।

एक दशक पहले, जब भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा अभी नया था, यह शायद सहनीय होता। आज, दांव कहीं ज्यादा ऊंचे हैं। भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा प्रोसेसिंग, क्लाउड बुनियादी ढांचे और सीमा पार डेटा प्रवाह का एक वैश्विक केंद्र बनना चाहता है। वह चाहता है कि विदेशी कंपनियां यहां एआई मॉडल बनाएं, यहां सर्वर होस्ट करें, यहां अनुसंधान प्रयोगशालाएं लाएं। लेकिन इन फैसलों को नियंत्रित करने वाले नियम - पर्याप्तता की शर्तें, सीमा पार हस्तांतरण आदि -एमएस, विदेशी निगरानी सुरक्षा उपाय, महत्वपूर्ण डेटा फिड्यूशरीज के मानदंड - सभी को अस्पष्ट छोड़ दिया गया है या भविष्य की अधिसूचनाओं के लिए टाल दिया गया है।

कागज पर, भारत की सुरक्षा दुनिया में सबसे मजबूत में से एक है। नाबालिगों के लिए लक्षित विज्ञापन प्रतिबंधित है। प्रोफाइलिंग सीमित है। सत्यापन योग्य माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। ये कठोर मानक हैं,अमेरिका में सीओपीपीए से अधिक मजबूत और जीडीपीआर की सबसे सख्त व्याख्याओं के बराबर। लेकिन नियम इन सुरक्षाओं को सरकार पर लागू करने से चूक जाते हैं। स्कूल डेटाबेस, छात्रवृत्ति पोर्टल और आधार से जुड़ी कल्याणकारी प्रणालियों को पूरी तरह से छूट दी जा सकती है। इसका मतलब है कि भारत ने एक ऐसी व्यवस्था बना दी है जहां एक निजी ट्यूशन ऐप को बच्चे के डेटा की सुरक्षा के लिए कई चरणों से गुजरना पड़ता है, लेकिन कहीं अधिक संवेदनशील जानकारी रखने वाला सरकारी विभाग ऐसा न करने का विकल्प चुन सकता है। कोई भी उदार लोकतंत्र राज्य को बच्चों के व्यक्तिगत डेटा पर इतनी व्यापक स्वतंत्रता नहीं देता। भारत ने इसे सामान्य बना दिया है। दुनिया पहले से ही यह समझने की कोशिश कर रही है कि भारत क्या संकेत दे रहा है। बहस एक ही अपरिहार्य प्रश्न पर आकर रुकती है: क्या भारत सरकार कभी खुद को उन्हीं मानकों पर कायम रखेगी जो वह निजी क्षेत्र पर लागू करती है? यह परीक्षण सैद्धांतिक नहीं है। क्या मंत्रालय लाखों नागरिकों को प्रभावित करने वाले डेटा उल्लंघनों की रिपोर्ट करेंगे? क्या डीपीबीआई के आदेश सार्वजनिक जांच के लिए पूर्णरूप से प्रकाशित किए जाएंगे? क्या छूट समय के साथ कम होती जाएंगी, या वे तब तक बढ़ती जाएंगी जब तक कि वे नियम को स्वीकार नहीं कर लेते? दुनिया की हर बड़ी गोपनीयता व्यवस्था इसी मूल सिद्धांत पर टिकी है या खत्म हो जाती है— कि कानून राज्य को बांधता है, सिर्फ नागरिक को नहीं।

अगर भारत को एक गंभीर डिजिटल लोकतंत्र के रूप में देखा जाना है, तो वह अपनी गोपनीयता व्यवस्था को कार्यकारी शॉर्टकट्स पर नहीं बना सकता। वह नागरिक अधिकारों का ढिंढोरा पीटते हुए उन्हें खामोश सूचनाओं से कमजोर नहीं कर सकता। वह अंतरराष्ट्रीय डेटा प्रवाह के नियमों को खुला रखते हुए वैश्विक कंपनियों से विश्वास की मांग नहीं कर सकता। फिर वह नियंत्रण की संरचना को दरकिनार करने का अधिकार अपने लिए सुरक्षित रखते हुए व्यक्तियों को उनके डेटा पर नियंत्रण का वायदा नहीं कर सकता।

# भाजपा को अब वाकई संघ की जरूरत नहीं रही

अनिल जैन

**बिहार** में भाजपा और उसके गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने में चुनाव आयोग ने खुल्लमखुल्ला काम किया, जिसके चलते भाजपा और उसके गठबंधन के लिए आदर्श आचार संहिता का कोई मतलब नहीं रह गया था। उन्होंने चुनाव जीतने के लिए जो चाहा सो किया। हालांकि इससे पहले हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था लेकिन बिहार में उससे भी कहीं ज्यादा हुआ। बहुत पुरानी बात नहीं है। पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था- 'भाजपा को पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की जरूरत हुआ करती थी, लेकिन अब भाजपा खुद पूरी तरह सक्षम और आत्मनिर्भर हो चुकी है, अब उसे आरएसएस की मदद की दरकार नहीं है।' नड्डा ने यह बात किसी चुनावी रैली या अपने पार्टी कार्यकताओं के सम्मेलन में नहीं कही थी। उन्होंने यह बात 20 मई, 2024 को एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में कही थी। जाहिर है कि उन्होंने यह बात भूल-चूक में नहीं बल्कि सोच-समझ कर ही कही थी। यह भी आसानी ने समझा जा सकता है कि इतनी बड़ी बात नड्डा ने किसके इशारे पर कही होगी, क्योंकि सब जानते हैं कि नड्डा पार्टी अध्यक्ष जरूर हैं लेकिन सर्वशक्तिमान अध्यक्ष नहीं। पार्टी अध्यक्ष की हैसियत से वे वही कहते और करते हैं जैसा उन्हें निर्देशित किया जाता है।

नड्डा के इस बयान पर आरएसएस की ओर से अंदरखाने नाराजगी भी जताई गई थी, जिस पर नड्डा ने मीडिया के जरिये सफाई भी दी थी कि, 'उनके कहने का आशय वह




नहीं है जो समझा जा रहा है।' इसके कुछ समय बाद सितंबर महीने में आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक केरल में हुई थी, जिसमें भाजपा समेत संघ के तमाम आनुषांगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। भाजपा की ओर से खुद जेपी नड्डा उस बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के बाद 2 सितंबर को आरएसएस के प्रवक्ता सुनील अंबेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा के उपरोक्त बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि, 'यह हमारा पारिवारिक मामला है, जिसे हल कर लिया गया है, कहीं कोई गलतफहमी नहीं है।'

इस पूरे वाकये को बिहार के विधानसभा चुनाव को सामने रख कर देखें तो साफ हो जाता है कि जेपी नड्डा के यह कहने का क्या आशय था कि भाजपा अब अपने आप में 'सक्षम' और 'आत्मनिर्भर' है, इसलिए उसे अब 'संघ की जरूरत नहीं है'। इससे यह भी आसानी से समझा जा सकता है कि नड्डा ने अपने इस बयान को लेकर आरएसएस नेतृत्व को क्या सफाई दी होगी और जिस पर संघ के प्रवक्ता सुनील अंबेकर ने कहा था कि यह हमारा पारिवारिक मामला है और सब कुछ ठीक ठाक है।

बिहार के चुनावी नतीजों का विश्लेषण करते हुए कई राजनीतिक विश्लेषक मीडिया और सोशल मीडिया में भाजपा और उसके गठबंधन की जीत में आरएसएस की भूमिका को देख रहे हैं और उसकी संगठन क्षमता और कुशलता का कीर्तन कर रहे हैं। लेकिन वे यह नहीं देख रहे हैं कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए किस तरह सत्ता का खुला दुरुपयोग किया है, जिसके खिलाफ विपक्षी दलों की शिकायतों की कहीं भी सुनवाई नहीं हुई है। चुनाव आयोग ने पूरी तरह और बहुत हद तक न्यायपालिका ने भी भाजपा के सहयोगी दल की भूमिका निभाई है।

यह सही है कि भाजपा की चुनावी सफलताओं में आरएसएस की अहम भूमिका रही है। भाजपा के बाकी मामलों में भी संघ का पूरा-पूरा दखल रहता रहा है। लालकृष्ण आडवाणी को किनारे करके नरेन्द्र मोदी को 2014 में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने का फैसला भी संघ का ही था। मोदी के पीएम बनने के बाद केंद्र सरकार में मंत्रियों और राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी संघ की भूमिका रही है, जो धीरे-धीरे सीमित हो गई है। भाजपा में अब लगभग सब कुछ मोदी और अमित शाह की इच्छा से होता है। संघ अगर किसी मामले में अपनी चलाना भी चाहता है तो उसे फौरन उसकी सीमा बता दी जाती है। इस सिलसिले में सबसे बड़ी मिसाल संघ सुप्रीमो मोहन भागवत का अपने उस बयान से मुकरना है जिसमें उन्होंने 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर सार्वजनिक जीवन से हट जाने की बात कही थी। उन्होंने यह बयान नरेन्द्र मोदी के 75 वर्ष पूरे होने के कुछ दिनों पहले दिया था। उनके इस बयान को मोदी के संदर्भ में ही देखा गया था और इसीलिए भाजपा के कई नेताओं ने खुलकर भागवत की इस सलाह को खारिज किया था। कुछ ही दिनों बाद भागवत को सफाई देनी पड़ी थी कि उनका बयान मोदी के संदर्भ में नहीं था। बहरहाल बिहार में भाजपा और उसके गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने में चुनाव आयोग ने खुल्लमखुल्ला काम किया, जिसके चलते भाजपा और उसके गठबंधन के लिए आदर्श आचार संहिता का कोई मतलब नहीं रह गया था। उन्होंने चुनाव जीतने के लिए जो चाहा सो किया। हालांकि इससे पहले हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था लेकिन बिहार में उससे भी कहीं ज्यादा हुआ।

# नक्सलवाद पर बड़ा प्रहार एक नई सुबह की आहट

-ललित गर्ग-

**नक्सलवाद** अपने अंतिम दौर में है और यह बड़ी उपलब्धि एवं परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सुनियोजित, कठोर और व्यापक रणनीतियों का परिणाम है। वर्षों से जिस समस्या ने भारत के हृदयस्थल को रक्तरंजित किया था, जिस विचारधारा ने दशकों तक विकास, सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं को बंधक बनाए रखा था, वह अब लगभग समाप्ति की कगार पर पहुँच चुकी है। इसका सबसे बड़ा और हालिया प्रमाण है देश के सबसे खतरनाक, खूंखार और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माओवादी कमांडर माड़वी हिड़मा का खात्मा, एक ऐसा नाम जिसके आतंक ने न सिर्फ सुरक्षा बलों बल्कि पूरे तंत्र को लंबे समय तक चुनौती दी। सुकमा क्षेत्र में जन्मा हिड़मा, सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की बटालियन-1 का प्रमुख। उसकी मौजूदगी मात्र से बड़े-बड़े हमले अंजाम दिए जाते थे। 2010 का दंतेवाड़ा हो या फिर 2013 का झीरम घाटी हमला, पिछले 20 बरसों में हुए लगभग सभी बड़े नक्सली हमलों के पीछे हिडमा का हाथ माना जाता है। उसने लंबे अरसे तक दंडकारण्य में आतंक का राज कायम रखा। दरभा घाटी नरसंहार तक, सुरक्षा बलों के कई घातक ऑपरेशनों का गुनाहगार हिड़मा रहा। उसकी धमक इतनी थी कि उसके सिर पर 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक का इनाम घोषित था। लेकिन 18 नवंबर 2025 को सुरक्षा बलों के एक अत्यंत सटीक और साहसपूर्ण अभियान में हिड़मा और उसकी पत्नी राजे सहित छह माओवादी ढेर हुए। मौके से मिली एके-47, पिस्टल, राइफलें और अन्य हथियार यह प्रमाणित करते हैं कि यह ऑपरेशन नक्सलवाद की रीढ़ पर निर्णायक प्रहार है। हिड़मा का अंत प्रतीकात्मक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी एक ऐसा क्षण है जिसने नक्सली नेटवर्क को हिला कर रख दिया है। लंबे समय से ह्यलाल गलियाराह्न कहे जाने वाले क्षेत्र की गतिविधियाँ जिस तेजी से सिकुड़ रही हैं, वह दशार्ता



है कि केंद्र सरकार ने सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर जिस दोहरी रणनीति को अपनाया है, उसने वास्तविक जमीन पर असर दिखाया है। मार्च 2026 तक ह्यनक्सलमुक्त भारतह्न अभियान के अंतर्गत इस साल 300 नक्सली मारे गए, सैकड़ों गिरफ्तार हुए और आत्मसमर्पण किया-यह आँकड़े बताते हैं कि नक्सलवाद अब अपनी वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति खो चुका है। हाल ही में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में दो दिनों में सैकडों नक्सलियों का आत्मसमर्पण होना यह दशार्ता है कि नक्सल संगठन अब अपने आधार क्षेत्रों में भी समर्थन खो रहा है, और आदिवासी समाज धीरे-धीरे सरकारी विकास योजनाओं की ओर बढ़ रहा है। इसी परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है हिड़मा का खात्मा, जिसने माओवादी कमान में एक ऐसा शून्य पैदा कर दिया है, जिसकी भरपाई उनके लिए आसान नहीं होगी।

आतंकवाद की तरह ही नक्सलवाद भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक दीर्घकालिक, गहरी और जटिल चुनौती रहा है। जिस तरह सीमा पार से आने वाला आतंकवाद देश की शांति, विकास और सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा बना हुआ था, उसी तरह भीतर से जन्मा नक्सलवाद राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया को बाधित करता रहा। दशकों तक यह समस्या न सिर्फ कुछ राज्यों के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए चिंता और असुरक्षा का कारण रही। लेकिन अब जिस निर्णायक मोड़ पर देश खड़ा है, वह यह संकेत देता है कि नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। हाल के वर्षों में लगातार मिल रही सफलताएँ, शीर्ष नक्सली कमांडरों का सफाया, व्यापक आत्मसमर्पण, और प्रभावित क्षेत्रों में तेज विकास-ये सभी इस तथ्य को सिद्ध करते हैं कि देश एक नई सुबह की ओर बढ़ रहा है। यह वह सुबह है जो भारत को भय, हिंसा और पिछड़ेपन से मुक्त कर, स्थायी शांति और तेज विकास की ओर ले जाते है।

नक्सलवाद की जड़ें स्वतंत्रता के बाद की सामाजिक-आर्थिक असमानताओं, भूमि अधिकारों और आदिवासी इलाकों की उपेक्षा में थीं। कई क्षेत्रों में विकास की रोशनी नहीं पहुँची थी, सरकारी योजनाएँ कागजों में रह जाती थीं, और स्थानीय समुदाय प्रशासन के प्रति अविश्वास से भरे हुए थे। इस वातावरण में नक्सली संगठनों को जमीन और जनसमर्थन मिला। उन्होंने वर्ग संघर्ष और हथियारबंद क्रांति के नाम पर हिंसा का मार्ग अपनाया, जंगलों को अपनी ढाल बनाया और आदिवासी युवाओं को अपने साथ जोड़ लिया। धीरे-धीरे यह आंदोलन एक साम्यवादी विचारधारा का रूप लेते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक चुनौती बन गया। लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपनी मूल विचारधारा से हटकर आतंक, वसूली, शोषण और खून-खराबे का अड्डा बन गया। सुरक्षा बलों पर हमले, विकास कार्यों को बाधित करना, पुलों और स्कूलों को उड़ाना, आदिवासियों को ढाल बनाना, और सत्ता हासिल करने की लालसा-यह सब नक्सलवाद की असलियत बन गया। इस मानसिकता ने न सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती दी, बल्कि हजारों परिवारों को तबाह किया और लाखों लोगों के जीवन को भय से भर दिया। लेकिन मोदी एवं शाह के प्रयासों से न केवल नक्सलवाद के खात्मे की सफल लड़ाई लड़ी गयी बल्कि नक्सल क्षेत्रों में विकास की योजनाओं को लागू किया गया। सड़क-बिजली-मोबाइल नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में काफी काम हुआ है और इससे भी नक्सलियों की पकड़ कमजोर करने में मदद मिली है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण पर प्रशासन सख़्त: बी.एल.ओ को समयबद्ध प्रपत्र जमा करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। स्थानीय** तहसील सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ दैनिक निरीक्षण कर रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर को मतदाता सूची प्रकाशित किए जाने के बाद पूरे जनपद में अद्यतन प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) डॉ. हर्षिता तिवारी, तहसीलदार महेंद्र बहादुर तथा विपिन कुमार स्वयं उपस्थित रहकर बी.एल.ओ द्वारा किए जा रहे कार्यों और गणना प्रपत्रों की गहन समीक्षा कर रहे हैं। एसडीएम डॉ. हर्षिता तिवारी ने बताया कि मतदाता सूची प्रकाशन के साथ ही एसआईआर सूचना भी जारी कर दी गई है। इसके बाद 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना अवधि निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत बी.एल.ओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दो प्रतियों में गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। इनमें से एक प्रति बी.एल.ओ के पास जमा की जानी है, जबकि दूसरी प्रति मतदाता अपने पास प्रमाण के रूप में सुरक्षित रखेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना प्रपत्र के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो लगाना अनिवार्य है, ताकि मतदाता सूची अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बने। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने प्रपत्र भरकर अनिवार्य रूप से बी.एल.ओ को सौंपें।

एसडीएम ने यह भी आग्रह किया कि नागरिक स्वयं के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और पुनरीक्षण कार्य समय पर पूर्ण हो सके।

मतदाता सूची के अद्यतन की दिशा में यह अभियान निष्पक्ष, पारदर्शी और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की ओर एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# नागरिकों की शिकायत पर एसडीएम हुई सख्त, बीएलओ नरगिस नाज को चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर । कुछ** नागरिकों द्वारा बीएलओ नरगिस नाज के खिलाफ की गई शिकायतों पर उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने कड़ा रुख अपनाया है।

∘ शिकायतें प्राप्त होने के बाद एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपजिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को कार्य के प्रति जिम्मेदारी निभाने के सख्त निर्देश दिए और भविष्य में इस प्रकार की ढिलाई दोबारा न दोहराने की चेतावनी भी दी।

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में दुरुस्त रखें विद्युत आपूर्ति : मनोहर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कामदगिरी परिक्रमा मार्ग के आरती स्थल पर लाइट लगवाने व उद्यान विभाग की योजनाओं के लाभ के लिए किसानों से प्राप्त फार्मों की शुद्ध जांच करने के निर्देश दिए। मंत्री ने जनपद के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होने वाली विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली। जिस पर अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 18 घंटे तथा शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन 20 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। मंत्री ने जनपद के खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने और हाईटेंशन तारों को आबादी वाले क्षेत्रों से हटवाने के निर्देश दिए। उर्वरक उपलब्धता की जानकारी लिए जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि डीएपी की कमी है, जबकि यूरिया अगले दिन तक सभी सोसाइटियों में उपलब्ध करा दी जाएगी। इस पर मंत्री ने कहा कि खाद का वितरण पारदर्शितापूर्ण होना चाहिए। इसमें किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। फसल नुकसान के सम्बन्ध में निर्देश दिए कि नुकसान का सत्यापन कर समयबद्ध मुआवजा दिया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा करते हुए मंत्री ने एम्बुलेंस की संख्याओं की जानकारी ली तथा जिला अस्पताल में प्रतिदिन बेडशीट बदलने और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। दुग्ध उत्पादन के सम्बन्ध में मंत्री ने उत्पादन बढ़ाने के लिए समितियाँ बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण किए जाएं। मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने गौशालाओं के निरीक्षण के नामित किए गए नोडलों के साथ ग्रामीणों को भी शामिल करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री को जनपद की कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में जो सरकार द्वारा दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं, उनका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध एवं निष्पक्षतापूर्ण किया जाए। मंत्री ने कहा कि सभी विभाग सरकार की मंशानुरुप कार्य करते हुए जनपद की रैंकिंग को बेहतर बनाएं। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने की बात कही।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, एआईजी स्टांप राजेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीड़ी विश्वकर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कृषि यंत्रों के लिए ई-लाटरी से चयनित होंगे किसान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि यन्त्रकरण के लिए दस हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यन्त्रों का चयन 21 नवंबर शुक्रवार को ई-लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें चयनित किसानों को एसएमएस द्वारा सूचना दी जाएगी। उन्होंने समस्त लाभार्थियों से प्रतिभाग करने की अपील की है। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि यन्त्रीकरण के लिए दस हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग कृषकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गई है। जिनका ई-लाटरी के माध्यम से 21 नवंबर को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में किसानों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी की प्रकिया सम्पन्न करायी जायेगी। ई-लाटरी में चयनित किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड करने की अन्तिम तिथि की सूचना दी जाएगी। इसी प्रकार ई-लाटरी मे प्रतीक्षा सूची में चयनित किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर भी एसएमएस के द्वारा प्रतीक्षा सूची क्रमांक की सूचना दी जाएगी। ई-लाटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरूप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी।

# महंत पर लगे दुराचार के आरोपों की फिर से होगी जांच

## सीजेएम ने दिए आदेश, होगी अग्रेतर विवेचना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धमकी देकर विवाहिता महिला का शोषण करने मामले में महंत के खिलाफ दर्ज एफ.आई.आर. की विवेचना में पुलिस द्वारा लगाई गई अंतिम रिपोर्ट को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने निरस्त कर दिया है। साथ ही कर्वी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को मामले की अग्रेतर विवेचना कराने के निर्देश दिए है।

मध्य प्रदेश के सतना जिले के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति चित्रकूट के महंत सत्यप्रकाश दास के साथ रहते थे। इसके चलते महंत के विरूद्ध पहाड़ी थाना में हत्या के प्रयास के एक मामले में उसके पति को भी सह अभियुक्त बनाया गया था। वर्ष 2016 में उसके पति महंत सत्यप्रकाश दास के साथ जेल मे थे। इसके चलते मुकदमें की पैरवी के लिए वह चित्रकूट आती थी और यज्ञवेदी निवार्णी अखाडा में रूकती थी। जहां महंत के भाई जय प्रकाश ने उसे एक कमरा दिला दिया था। कमरा दिलाने के बाद पति के जेल में रहने के कारण जय प्रकाश ने डरा धमकाकर उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाया। मना करने व विरोध करने पर पति को जेल में बंद रखने और जान से मरवाने की धमकी देता था। इस दौरान जय प्रकाश अपने भाई महंत सत्यप्रकाश दास और अपने रिश्तेदार अरविन्द मिश्रा के साथ लगातार उसका शारीरिक शोषण करते रहे और इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहे। बीती 18 जून 2024 को तीनों आरोपियों ने यज्ञवेदी निवार्णी अखाड़ा के कमरे से उसके पति को बाहर भेज दिया और रात में तीनों लोगों ने बिना उसकी इच्छा के जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान महंत ने कहा कि उनके मन मुताबिक काम न करने पर वह उसके पति व बच्चों को गायब करवा देंगे। इसके दूसरे दिन 19 जून को उसने अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी और उनके साथ सीतापुर चैकी जाकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया, किन्तु कोई सुनवाई नही हुई। इसके बाद उसने उच्चाधिकारियों को भी अपने साथ हुए शोषण की जानकारी दी, किन्तु कोई सुनवाई नहीं की गयी। साथ ही आरोपियों द्वारा धमकी दी गयी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी साधु वेश में पेशवर अपराधी और इसके विरूद्ध कई अपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। जिसके दबाव और प्रभाव के कारण कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने इस मामले में कोई सुनवाई न होने पर न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर कर्वी कोतवाली में जय प्रकाश पाठक, महंत सत्यप्रकाश दास व अरविन्द मिश्र के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना में पुलिस ने आरोपियों के बयान लेने के बाद इस मामले में एफ.आर. लगा दी थी, जबकि पीड़िता अपने बयान पर कायम थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने विवेचक द्वारा की गई विवेचना को पूरी तरह दोषपूर्ण और पक्षपातपूर्ण करार देते हुए एफ.आर. को निरस्त करने के आदेश दिए है। साथ ही मामले की दोबारा विवेचना करने के निर्देश कर्वी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को दिए है।

# सहकारिता व्यवस्था ग्रामीण विकास के साथ किसानों को देती है आर्थिक मजबूती

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा सहकारिता के बारे में जन-जन तक जानकारी पहुँचाने के विषय के तहत गुरुवार को रानीपुर भट्ट में सहकारिता सप्ताह गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने सहकारिता की मूल भावना, साझेदारी, सहभागिता, समानता और सामूहिक लाभ पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रवण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सहकारिता व्यवस्था ग्रामीण विकास, किसानों की आर्थिक मजबूती, महिला सशक्तिकरण, बचत-ऋण व्यवस्था और सामूहिक आजीविका को मजबूत बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सहकारिता के विभिन्न स्वरूपों, सहकारी समितियों की भूमिका, सदस्यता के अधिकारों, कर्तव्यों तथा सहकारी आंदोलन के सामाजिक व आर्थिक प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। रामसागर चतुर्वेदी ने कहा कि सहकारिता के सिद्धांतों को ग्रामीण समुदाय और युवाओं तक पहुँचाने से सामूहिक विकास की नई संभावनाएँ पैदा होंगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान ने सहकारिता सप्ताह के दौरान जागरूकता कार्यक्रम, संवाद, प्रशिक्षण और सूचना प्रसार की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी लिया।

इस मौके पर विभाग संयोजक सारंगधर मिश्रा, महामंत्री कुलदीप सिंह, महिला प्रमुख संजुला पांडेय, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, संरक्षक रामसागर, कार्यालय सचिव प्रांशु, सदस्य अरविन्द पटेल, धीरेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# चित्रकूट सहित पांच जनपद को मिले 6 नए इंटरसेप्टर वाहन

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर रखेंगे पैनी नजर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** परिवहन मुख्यालय द्वारा झांसी परिक्षेत्र के झांसी, जालौन और बांदा मण्डल के विभिन्न जनपदों के लिए छह नए इंटरसेप्टर वाहन आवंटित किए गए हैं।

उप परिवहन आयुक्त झांसी परिक्षेत्र के.डी. सिंह गौर ने बताया कि झांसी संभाग में झांसी व जालौन जनपद को तीन तथा बांदा संभाग में बांदा, हमीरपुर तथा चित्रकूट जनपद को तीन इंटरसेप्टर मिले हैं। बताया कि इन अत्याधुनिक तकनीक युक्त प्रवर्तन वाहनों से झांसी जोन के सभी जनपदों में सड़क सुरक्षा संबंधी चेकिंग कार्यवाही और ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की मात्रा और गुणवत्ता दोनों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। परिवहन विभाग के इंटरसेप्टर वाहनों में लेजर स्पीड गन, एच.डी. कैमरा, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर (ए.एन.पी.आर.), प्रिंटर और फायर एक्सटिंग्विशर जैसी हाई-टेक विशेषताएं होती हैं। ये वाहन तेज गति वाली गाड़ियों की स्पीड को 200 से 700 मीटर की दूरी से ही मापकर उनका ई-चालान कर सकते हैं और तुरंत वाहन मालिक को मैसेज भेज सकते हैं। इनका उपयोग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नजर रखने और उन्हें पकड़ने के लिए किया जाता है।

# दबंग हमलावर कर रहे ग्रामीण का उत्पीड़न

**चित्रकूट।** दबंगों से परेशान ग्रामीण ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मनोहर गंज सीतापुर निवासी राम सिंह मौर्य ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि बीती चार सितम्बर को उसके छोटे भाई गुलाब ने उस पर हमला कर दिया। भाई ने अपनी पत्नी व अन्य सहयोगियों के साथ उस पर जानलेवा हमला किया। बचाव में आने पर बेटी मनीषा मौर्या को भी पीटा। घटना की जानकारी दिए जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर घर के अंदर घुस गए और अंदर से ही गौली-गलौज करते रहे। इसकी जानकारी उन्होंने कोतवाली जाकर दी और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद से हमलावर लगातार उन्हें धमकी दे रहे है, किंतु इलाकाई पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत भी की थी। जिसकी जांच शुरू होने से विपक्षी हमलावर उनके खिलाफ झूठी गवाही दिलवा रहे है। ऐसे में मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# डीएम ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों का दी जाने वाली सुविधाओं व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धितों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के ठीक सामने गंदगी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि तत्काल सफाई कराई जाए। साथ ही कहा कि गीले व सूखे कूड़े के लिए डस्टबिन भी रखने को कहा। कहा कि बाउंड्री वॉल के लिए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता से एस्टीमेट बनवाएं। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक से कहा कि जिला चिकित्सालय के प्रवेश द्वार अच्छी का दुरुस्त कराएं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन साफ-सफाई होनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीज के बच्चों के खेलने के लिए ओपन जिम, खेलने के लिए झूले आदि लगवाएं। यहां जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में बनी आकांक्षा कैंटीन का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कैंटीन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि कैंटीन की साफ-सफाई का निरीक्षण करते रहें। निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में टूटी व पुरानी बेंचों को सही कराएं। उन्होंने प्रस्तावित वेटिंग हाल के लिए जमीन का भी निरीक्षण किया एवं कहा कि एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजें। कैंपस में बने विद्युत हाल का भी निरीक्षण किया एवं निर्देशित किया कि जो शीशे टूट गए हैं, उसे सही कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने ईसीआरपी-2 के अंतर्गत 32 सैया पीडियाट्रिक वार्ड का भी निरीक्षण किया एवं वहां भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी ली एवं सुझाव भी मांगे। इमरजेंसी हाल का भी निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य लाभ एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ तनवीर, डॉ नरेंद्र पटेल, डॉ ऐके मोहन सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# झाड़फूंक से इलाज के नाम पर दुराचार करने वाले बाबा को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** झाड़फूक के बहाने सजातीय महिला के साथ दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय में आरोपी तांत्रिक को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 17,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बीती 28 मई 2021 को पहाड़ी थाने में अनुसूचित जाति की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार बीती 27 मई 2021 को उसका पेट दर्द कर रहा था। जिस पर उसकी सास ने तौरा गांव के बाबा ननकू पंडा के यहां झाड़फूंक कराने के लिए देवर के साथ भेजा था। दोपहर के समय वह ननकू पंडा के यहां पहुंची थी। जिसके बाद तांत्रिक ननकू ने उसके देवर को नींबू लाने के बहाने बाहर भेज दिया। देवर के बाहर जाने के बाद तांत्रिक ने उसे अंदर के कमरे से पानी लाने के लिए कहा और पीछे से आकर उसे धक्का दकर बेड पर गिरा दिया। इसके बाद जबरन उसके साथ दुराचार किया। इस दौरान उसकी हालत खराब होने पर तांत्रिक डर गया और बाल पकड़कर उसे चैरी के पास लेकर जाकर झाड़फूंक करने लगा। साथ ही उसे धमकाया कि घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मार देगा। घर जाने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन आरोपी ननकू पंडा के घर गए, किंतु वह अंदर से बाहर नहीं निकला। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट पहाड़ी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के दो दिन बाद ही आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी ननकू पंडा को 10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 17,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# नेत्र जांच के बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को बांटे गए चश्मे

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चकौंध में गुरुवार को मोबियस फाउंडेशन दिल्ली द्वारा बालिका स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कराया गया। जिसमें बालिकाओं को स्वस्थ रहने के लिए पोषण आहार लेने की सलाह दी गई।

मोबियस फाउंडेशन दिल्ली की चित्रकूट जिला समन्वयक नीलू बोस ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उनकी संस्था कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन नियमित अंतराल पर करती है। जिसमें छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, मासिक माहवारी व स्वच्छता प्रबंधन विषय पर जागरूक किया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य टीम द्वारा हीमोग्लोबिन की जांच भी जाती है। आर.बी.एस.के. टीम के सहयोग से प्रत्येक सत्र में दो बार ऐसे शिविर आयोजित किए जाते है। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र के चकौंध स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आयोजित इस शिविर में 149 बालिकाओं को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें नेत्र जांच कराने के बाद निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। महिला विशेषज्ञों ने बालिकाओं की लम्बाई के अनुपात में वजन संतुलित रखने के लिए भोजन में पोषक तत्वों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम आयोजक पूनम सिंह ने बालिकाओं से कहा कि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर उन्हें अवगत कराएं ताकि समय रहने उसका निदान कराया जा सके। इस मौके पर आर.बी.एस.के. टीम के डॉ विनोद, डॉ अनिल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ शादाब हुसैन, विद्यालय की वार्डन रचना आदि मौजूद रहे।

# लादेन पर सवाल, सलमान ने ट्रंप को बीच में ही रोककर क्या कहा?



**अमेरिका**

**व्हाइट** हाउस में मोहम्मद बिन सलमान ने जोर देकर कहा कि ओसामा बिन लादेन ने 9/11 के हमलों के लिए सऊदी लोगों का इस्तेमाल अमेरिका-सऊदी संबंधों को बिगाड़ने के लिए किया था, जबकि पीड़ित परिवारों ने भारत दौरे पर आए सऊदी क्राउन प्रिंस से जवाबदेही की मांग की। उन्होंने अमेरिकियों को भरोसा दिलाया कि सऊदी अरब ऐसा दोबारा न होने देने की पूरी कोशिश कर रहा है, हालाँकि बचे हुए लोग अभी भी ओवल ऑफिस में उनकी मौजूदगी से नाराज हैं। सऊदी नागरिक लादेन, अल-कायदा आतंकवादी समूह का संस्थापक था, जिसने 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका में चार समन्वित हमले किए थे, जिनमें लगभग 3,000 लोग मारे गए थे। जब सलमान और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने असैन्य परमाणु समझौते और ऋ35 विमानों की बिक्री का अनावरण करने के बाद मीडिया को संबोधित किया, तो पत्रकारों ने उन्हें 9/11 के हमलों और 2018 में सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मुद्दे पर घेर लिया। उन्होंने दावा किया कि 9/11 के हमले अमेरिका-सऊदी संबंधों को नुकसान पहुँचाने की एक चाल थी, और जो कोई भी इसमें विश्वास करता है, वह लादेन के उद्देश्य को पूरा करने में मदद कर रहा है।

प्रिंस सलमान ने कहा कि मुझे अमेरिका में रहने वाले परिवारों के लिए बहुत दुख हो रहा है। लेकिन हमें हकीकत पर ध्यान देना चाहिए। सीआईए के दस्तावेजों के अनुसार, ओसामा बिन लादेन ने उस कार्यक्रम में सऊदी लोगों का इस्तेमाल एक ही मकसद से किया था।

अमेरिका-सऊदी संबंधों को बर्बाद करने के लिए। यही 9/11 का मकसद है। इसलिए, जो भी इसे सच मानता है, इसका मतलब है कि वह इस रिश्ते को खत्म करने के ओसामा बिन लादेन के मकसद में मदद कर रहा है। वह जानता है कि अमेरिका और सऊदी अरब के बीच मजबूत रिश्ते चरमपंथ के लिए नुकसानदेह हैं। यह आतंकवाद के लिए भी नुकसानदेह है। क्राउन प्रिंस ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ जोर देकर कहा कि हमें उन्हें गलत साबित करना होगा और अपने रिश्ते मजबूत करते रहना होगा। "यह दुनिया की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

## दम है तो हथियार डलवा कर देख लो... Hamas ने इस अंदाज में ट्रंप को ललकारा



**गाजा**

**ट्रंप** की अगुवाई में जब गाजा में युद्ध विराम का ऐलान हुआ तो उस वक्त इस बात पर सहमति बनी थी कि गाजा में हमास अपने हथियार डालेगा और एक इंटरनेशनल फोर्स का गठन होगा जो गाजा में फिर से सरकार की बहाली तक सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। हालांकि देखते ही देखते हमास ने अब साफ कह दिया कि वह अपने हथियार नहीं डालेगा। लेकिन हमास को गाजा की सत्ता से बेदखल करने के लिए ट्रंप और नेतन्या संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव लेकर आए हैं। जिससे हमास को हमेशा हमेशा के लिए गाजा से बेदखल किया जा सके। लेकिन सुरक्षा परिषद ने इस प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही हमास ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। हमास का कहना है कि यह प्रस्ताव बेहद ही खतरनाक है। हमास ने खुद और गाजा के दूसरे संगठनों के आधार पर इस प्रस्ताव को ठुकराया है।

हमास ने सुरक्षा परिषद के इस फैसले को खारिज कर दिया है। हमास ने कहा कि यह प्रस्ताव फिलिस्तीनियों के अधिकारों और मागो को पूरा करने में विफल और गाजा पर एक अतर्राष्ट्रीय न्यास थोपने का प्रयास करता है। हमास ने विशेष रूप से स्थिरीकरण बल को सशस्त्र समूहों को निष्क्रिय करने का निर्देश देने वाले प्रावधानो की तीखी आलोचना की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, हमास ने कहा-अतर्राष्ट्रीय फोर्सेस को गाजा पट्टी के अदर कार्य और भूमिकाएं सौपना, इसकी तटस्थता को समाप्त करता है। वहीं नेतन्याहू के कार्यालय ने एक्स पर लिखा कि हमारा मानना ??है कि राष्ट्रपति ट्रंप की योजना शांति और समृद्धि की ओर ले जाएगी, क्योंकि यह (योजना) गाजा के पूर्ण विसैन्यीकरण, निरस्त्रीकरण और कट्टरपंथ के खात्मे पर जोर देती है। यह प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय बल को व्यापक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें सीमाओं की निगरानी, सुरक्षा प्रदान करना और गाजा का विसैन्यीकरण शामिल है।

## तुर्किये के लड़ाकू विमानों पर ट्रेनिंग ले रहे पाक पायलट





**पाकिस्तान**

**कश्मीर** पर पाकिस्तान का समर्थन करना तुर्किये की पुरानी राजनीतिक आदत है। लेकिन भारत ने लंबे समय तक इसे क्षेत्रीय समीकरणों में गंभीर खतरे के रूप में नहीं देखा। तुर्किये को हम एक ऐसे दूरस्थ ठअळड देश के रूप में जानते रहे, जिसकी दिलचस्पी मुख्यतः पश्चिम एशिया और इस्लामी जगत में नेतृत्व दिखाने तक सीमित होती थी। किंतु राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआन के नेतृत्व में तुर्किये का झुकाव अब सीधे दक्षिण एशिया की भू-राजनीति की ओर है तथा यह बदलाव भारत की सुरक्षा सोच के लिए नया सवाल खड़ा कर रहा है। हम आपको याद दिला दें कि ह्यऑपरेशन सिंदूरङ्क ने वह दिखा दिया था जिसे भारत शायद नजरअंदाज कर रहा था। भारत की पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन हमले में 300 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए थे इनमें कई तुर्किये निर्मित रङ्क्ल्लॅ१ मॉडल थे, जिनकी क्षमता और घातकता किसी भी संघर्ष को असमान बनाने में सक्षम है। यह तथ्य कि तुर्किये की तकनीक और टार्गेटिंग सिस्टम अब पाकिस्तान के सैन्य ढांचे का हिस्सा बन चुके हैं, दोनों देशों की साझेदारी की गहराई का संकेत देता है। इतना ही नहीं, जब अमेरिका से भारत को भेजे जा रहे अस्त्रॆ हेलिकॉप्टरों का एक बैच तुर्किये ने अपने वायुक्षेत्र में रोक दिया, तब संदेश साफ था कि तुर्किये अब दक्षिण एशिया की शक्ति-संतुलन राजनीति में सक्रिय हस्तक्षेपकर्ता है। ठअळड सदस्य का यह कदम केवल भारत के प्रति एक प्रत्यक्ष भू-राजनीतिक संकेत था।

देखा जाये तो तुर्किये और पाकिस्तान का गठजोड़ केवल सैन्य सहयोग पर आधारित नहीं है; यह एक वैचारिक मेल है। दोनों कट्टर सुन्नी पहचान और मुस्लिम विश्व में नेतृत्व की महत्वाकांक्षा साझा करते हैं।

# रूस ने दागे यूक्रेन पर 114 ड्रोन, 9 लोगों की मौत

**यूक्रेन**

**यूक्रेन** के खारकीव पर रूस का हमला एक और बड़ी खबर मिल रही है। आर्टिलरी से यूक्रेनी सैनिकों पर अटैक हुआ है। 30 किमी.दूर से यूक्रेनी सैनिकों पर अटैक किया गया है। और एक और बड़ी खबर मिल रही है। यूक्रेनी काफिले पर ड्रोन से अटैक हुआ है। यूक्रेन भी लगातार ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इस बीच यूक्रेनी सैन्य अड्डों पर भी अटैक हो रहे हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूसी सेना ने 19 नवंबर को यूक्रेन के कई इलाकों में रातोंरात हमला किया, जिसमें कम से कम नौ लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए। जेलेंस्की ने बताया कि रात भर में 470 ड्रोन और 48 मिसाइलें दागी गईं, जिसे उन्होंने एक और "बेशर्म" हमला बताया। पश्चिमी यूक्रेन के टेरनोपिल में, एक नौ मंजिला आवासीय इमारत पर हमला किया गया, जिसमें कम से कम नौ लोग मारे गए।

पिछले 48 घंटे में 50 से ज्यादा हमले हुए हैं। काला सागर को लेकर रूस और यूक्रेन ने इतने आक्रामक तेवर अपनाए हुए हैं कि युद्ध का पूरा फोकस ब्लैक सी में शिफ्ट हो गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह है काला सागर का कारोबारी रूट जहां रूस का कब्जा। जबकि नाटो इसे रूस से मुक्त कराना चाहता है। इसके लिए दोनों तरफ के अहम ठिकानों को टारगेट किया जा रहा है। रूस के क्रीमिया पर हमले हो रहे हैं। जबकि ओडसा पर रूस हमले कर रहा है। जिससे वर्चस्व का दायरा बढ़ाया जा सके। आधी रात को सबसे ज्यादा हमले किए गए। सैन्य ठिकानों के अलावा एनर्जी सेक्टर पर भी हमले किए गए।



युद्ध में पिछड़ रहे यूक्रेन ने इस बार हमले का पैटर्न बदला है। इस बीच उसे नाटो से भी विध्वंसकारी और हाईटेक हथियार मिले हैं। जिससे वो क्रीमिया में लगातार हमले कर पा रहा है। क्रीमिया पर हमले करने के लिए टॉर्पिडो ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। टॉर्पिडो ड्रोन यूक्रेन को यूरोपीय देशों से मिल रहे हैं। जिसकी वजह से यूक्रेन ने रूसी पेट्रोल बोर्ड को डुबो दिया। ओसा के पास निगरानी कर रही बोट पर यूक्रेन ने हमला किया। क्योंकि हमला नहीं करने की सूरत में यह 15 किमी के दायरे में स्टैंड बाय मोड में चले जाते हैं। 50 किमी दूर से इन्हें दागा गया था। लेकिन टारगेट के पास स्टैंड बाय मोड पर थे। लेकिन जैसे ही कमांड मिली तुरंत एक्टिव होकर हमला कर दिया। इस ड्रोन की मदद से यूक्रेन ने क्रीमिया की रिफाइनरी और एक रडार सेंटर को तबाह कर दिया।

## इजराइल तो ट्रंप की कर रहा गजब बेइज्जती, इधर पीस प्लान पर लगी मुहर, उधर दनादन बम बरसाए



**इजराइल**

**गाजा** जंग को लेकर के 17 नवंबर को एक और बड़ा डेवलपमेंट हुआ। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी ने ट्रंप के गजा पीस प्लान को मंजूरी दे दी है। यानी अब इस प्लान पर यूएन की कानूनी मोहर लग गई है। जिसमें तबाह हो चुके क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती और भविष्य में एक स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र की संभावना तलाशने का विचार है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की इस योजना के पक्ष में शून्य के मुकाबले 13 मत मिले। रूस और चीन ने मतदान से दूरी बनाई तथा रूस ने एक विपरीत प्रस्ताव पेश किया। अमेरिका और अन्य देशों को उम्मीद थी कि रूस इस प्रस्ताव को रोकने के लिए अपने वीटो अधिकार का उपयोग नहीं करेगा। यह मतदान युद्धविराम के बाद स्थायित्व लाने और दो साल तक चले इजराइल-हमास संघर्ष के बाद गाजा के भविष्य की रूपरेखा तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था।

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस के पास बानी सुहैला में एक इजराइली ड्रोन हमले में एक महिला और उसका बच्चा घायल हो गए हैं। यह हमला, जारी युद्धविराम के बावजूद, दक्षिणी गाजा में आज हुए कई हमलों में ताजा घटनाक्रम है। वहीं इजरायल रेस्क्यू सर्विस का कहना है कि वेस्ट बैंक में हुए हमले में एक इजरायली मारा गया और तीन घायल हो गए। इस्त्राइली सेना ने कहा कि यह हमला यरूशलम के साउथ में भीडभाड वाले इलाके में हुआ। यह हमला चाकू मारने की घटना थी।

## पुलिस ने डॉग स्क्वॉड के साथ आईजीआई टर्मिनल 3 पर वाहनों और परिसरों की जाँच




**अमेरिका**

**बाबा** सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद राष्ट्रीय राजधानी पहुँच गया है। उसके आगमन से पहले, पुलिस ने डॉग स्क्वॉड के साथ आईजीआई टर्मिनल 3 पर वाहनों और परिसरों की जाँच की। अनमोल बिश्नोई को हवाई अड्डे से सीधे पटियाला हाउस कोर्ट ले जाया जाएगा। इसके अलावा, बुधवार को उनके आगमन से पहले इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। अनमोल बिश्नोई कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है और पिछले साल अक्टूबर में हुई एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वांछित है। इस बीच, अनमोल बिश्नोई के चचेरे भाई रमेश बिश्नोई ने केंद्र सरकार से अनमोल बिश्नोई की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, जो जल्द ही अमेरिका से प्रत्यर्पित होकर भारत पहुँचेंगे।

एएनआई से बात करते हुए, रमेश बिश्नोई ने दावा किया कि अनमोल को केवल गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई होने की सजा दी जा रही है और उन्होंने जाँच एजेंसियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि परिवार की मुख्य प्राथमिकता अपने रिश्तेदार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बिश्नोई ने बताया कि कानून अपना काम करेगा। हमारा परिवार कानून का सम्मान करता है और हम कानून का पालन करने वाले लोग हैं, लेकिन आज हमारी मुख्य चिंता यह है कि अगर उसे (अनमोल बिश्नोई) भारत लाया जा रहा है, तो भारत सरकार उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। यही हमारी मांग होगी।

## जयशंकर ने रूस में दिल्ली ब्लास्ट पर पाकिस्तान को दिया खुला चैलेंज, ट्रंप को भी धो डाला

**रूस**

**विदेश** मंत्री ए जयशंकर रूस दौरे पर हैं। रूस पहुंचते ही जयशंकर ने ऐसा धमाका किया कि भारत के सारे दुश्मन तिलमिला गए। विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की चेतावनी का मुंहतोड़ जवाब दिया है कि पूरी दुनिया चौंक गई। एस जयशंकर ने एससीओ की बैठक में दिल्ली ब्लास्ट को लेकर पाकिस्तानी विदेश मंत्रियों को खुला चैलेंज दे दिया कि हाफिज मसूद की आतंकी मंडियों में भगदड़ मच गई है। जिसे सुनकर पाकिस्तानी विदेश मंत्री बुरी तरह से घबरा गया। दरअसल रूस के राष्ट्रपति पुतिन जल्द ही भारत आने वाले हैं। इसे लेकर दुनिया भर में चर्चा हो ही रही थी और इस यात्रा को लेकर भारत के कई दुश्मन टेंशन में भी हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस में पहुंचकर तहलका मचा दिया। मॉस्को पहुंचते ही एस जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सरगेईल लावरो से धमाकेदार मुलाकात की और इसके बाद वह एससीओ की बैठक में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने जिओपॉलिटिक्स में भारत की अहम भूमिकाएं गिनाते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्री के सामने कुछ ऐसा कह डाला जिसके बाद इशाक डार के पसीने छूट गए। एसइओ की बैठक में एस जयशंकर ने आतंकियों के मददगार और समर्थकों को खुला चैलेंज देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत को जवाब देने का हक है। उन्होंने कहा कि एससीओ की स्थापना ही तीन बुराइयों, अलगाववाद, चरमपंथ और



आतंकवाद से लड़ने के लिए हुई थी। आज यह खतरे पहले से भी ज्यादा गंभीर हो गए हैं। उन्होंने इस पर जोर दिया कि दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए और कहा कि भारत को अपने लोगों की सुरक्षा का पूरा हक है और जरूरत पड़ने पर हम यह अधिकार इस्तेमाल करेंगे।

जयशंकर ने यह भी कहा कि आतंकवाद के मामले में कोई बहाना किसी तरह का टालमटोल या उसे छुपाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यानी कि जयशंकर ने साफ कर दिया कि जो भी आतंक को बढ़ावा देगा उन्हें मिट्टी में मिलाने के लिए भारत हर वक्त तैयार है

और यह पाकिस्तान के लिए भी एक बड़ा संदेश है कि भारत कभी भी उस पर अटैक कर सकता है। खास बात यह भी है कि जब जयशंकर गुस्से में आतंक के खात्मे पर बोल रहे थे तो उस वक्त बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार भी मौजूद थे और दुनिया यह जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा है और दिल्ली धमाके के तार भी पाकिस्तान से जुड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसीलिए इशाक डार अपना मुंह छुपाकर चुपचाप भीगी बिल्ली बनकर जयशंकर की बातें सुनता रहा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## हमने लाल किले से लेकर कश्मीर तक हमले किए, अल्लाह का नाम लेकर पाकिस्तान ने भारत पर क्या कबूला



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** द्वारा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा दिए जाने की एक और स्वीकारोक्ति करते हुए पाकिस्तानी नेता चौधरी अनवारुल हक ने कहा है कि आतंकवादी समूह भारत में लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक हमले करते हैं। लाल किले का ज़िक्र करते हुए हक की टिप्पणी 10 नवंबर को दिल्ली में इस प्रतिष्ठित स्मारक के पास हुए कार विस्फोट का संदर्भ देती है, जिसमें 14 लोगों की जान चली गई थी। इस हमले का मास्टरमाइंड, डॉ. उमर उन नबी, जैश-ए-मोहम्मद (खीट) से जुड़े 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल का सदस्य है, जिसका भंडाफोड़ हमले से कुछ दिन पहले फरीदाबाद में हुआ था। हक की 'कश्मीर के जंगल' वाली टिप्पणी अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की ओर इशारा करती है, जहाँ आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में 26 लोग मारे गए थे। एक वायरल वीडियो में हक ने कहा कि मैंने पहले कहा था कि अगर आप बलूचिस्तान को खून से लथपथ रखेंगे, तो हम लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक भारत पर हमला करेंगे। अल्लाह के करम से, हमने यह कर दिखाया है और वे अभी भी लाशें गिनने में असमर्थ हैं। कुछ दिन बाद, हथियारबंद लोग घुस आए और हमला कर दिया (दिल्ली में) और उन्होंने शायद अभी तक सभी शवों की गिनती नहीं की है। पाकिस्तान अपनी आर्थिक बदहाली को छिपाने और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने से ध्यान हटाने के लिए बलूचिस्तान में अशांति के लिए बार-बार भारत को दोषी ठहराता रहा है। नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के दावों को पुरजोर तरीके से खारिज किया है।

पहलगाम हमले के जवाब में, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कार्रवाई की और सिंधु जल संधि को निलंबित करने सहित कई कदम उठाए। नई दिल्ली ने कहा कि वह इस समझौते को तभी पुनर्जीवित करेगा जब इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद कर दे। यह पहली बार नहीं है जब किसी पाकिस्तानी राजनेता ने सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने में इस्लामाबाद की भूमिका का खुलासा किया हो।

हाल ही में, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने पाकिस्तान सरकार की आतंकवाद नीति का पदार्फाश किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि उसे प्रांत में "फर्जी" आतंकवादी हमलों से फायदा होता है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज के अनुसार, अफरीदी ने इस्लामाबाद पर अशांत खैबर क्षेत्र में शांति प्रयासों में बाधा डालते हुए, फर्जी आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने इस्लामाबाद पर अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए "आतंकवाद का निर्माण" करने का आरोप लगाया।